तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 25 जून 2024

12 कब्जामुक्त करवाने राष्ट्रीय बजरंग दल ने खोला मोर्चा



13 दो शिक्षक पर्यावरण मित्र से सम्मानित





## खबर संक्षेप

### बाइक समेत खदान में गिरा, युवक की मौत

**भिलाई।** बाइक समेत पत्थर खदान तालाब में गिरे युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि घटना रविवार की रात की है। ग्राम खपरी निवासी भूपेंद्र गोयल कुम्हारी से अपनी बाइक में घर जाने के लिए निकला था। देर रात होने से भूपेन्द्र अपनी बाइक से पत्थर खदान कुम्हारी होते हुए जा रहा था। अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और युवक सीधे खदान के भीतर जा गिरा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और शव को बाहर निकाल कर पीएम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि खदान लगातार मूरम खुदाई के चलते बड़ा तालाब जैसा बन गया है। रात होने के कारण युवक को सड़क का अंदाजा नहीं हो पाया। जिससे बाइक समेत युवक खदान में जा गिरा।

### मेडिकल स्टोर में चोरी

**भिलाई।** मेडिकल का ताला तोड़कर अज्ञात ने नगदी रकम चोरी कर फरार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि मकान नं 162 वैशाली नगर निवासी अमर शिवानी की नंदिनी रोड पावर हाउस में श्याम मेडिकल है। 23 जून की रात शॉप को बंद कर अपने घर चला गया। सुबह मेड़िकल खोलने पहुचने पर शटर का ताला मुडा हुआ दिखा। मेड़िकल के भीतर प्रवेश कर देखने पर नगदी काउंटर का लाक टूटा हुआ मिला। काउंटर से अज्ञात ने 79 हजार रुपए गायब मिला। काउंटर में चिल्हर रुपए थे। लगातार दुकान में चोरी की घटना हो रही है। जिसे लेकर पुलिस कोई खास व्यवस्था नहीं कर पा रही है।

### दोपहिया ने टहल रहे युवक को मारी टक्कर मौत

**भिलाई।** सड़क पर टहल रहे युवक को बाइक सवार ने ठोकर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि बेलाही पारा पाटन निवासी गणेश राम पेंडरिया ने शिकायात किया है कि 23 जून की शाम 7.30 बजे खाना खाकर अपने घर के छत पर टहल रहा था। इस दौरान बडा भाई घर के सामने सड़क पर टहल रहा था। तभी बाइक सावर ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए बडे भाई को जोरदार ठोकर मार दी। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया है। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी बाइक चालक सीजी 07 बीव्ही 1613 है। हादसे में भाई को सिर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई। गौरतलब हो कि शहर व ग्रामीण थाना क्षेत्रों में सड़क हादसा रूकने का नाम नहीं ले रहा है। ट्रैफिक पुलिस भी हादसे को रोकने के लिए कई बार अभियान चलाकर कंट्रोल करने का प्रयास कर चुकी है।

# एकमुश्त कीमत मिलने से किसानों ने धान की खेती का किया पैटर्न चेंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अलग खबर

मानसून की दस्तक के साथ ही दुर्ग जिले में खेती-बाड़ी का काम तेजी से शुरू हो गया है। किसान इस बार अलग तरह से खेती पर फोकस कर रहे है।

राज्य शासन की ओर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी का भुगतान 31 सौ रुपए एकमुश्त मिलने के चलते खरीफ सीजन में धान की फसल को लेकर किसानों की मानसिकता बदल गई है। 95 फीसदी किसान वजनदार धान की बोआई करने की तैयारी में है। क्योंकि पतला हो या फिर मोटा धान सभी की कीमत 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा। ऐसे में किसान को मोटा अजान उगाने में फायदा नजर आ रहा है। इसका असर यह हुआ है कि बीज निगम में स्वर्णा (सरना) धान की उपचारित बीच की मांग बढ़ गई है। जिलेभर के सोसाइटियों में लक्ष्य से दो-तीन गुणा अधिक सप्लाई होने के बाद भी मांग में कमी नहीं आ रही। बीज निगम इस बीज की सप्लाई नहीं कर पा रहा है। यही कारण है कि बीज को लेकर किसानों हाहाकार मचा हुआ है। अब मानसून का असर दिखने लगा है, एक बार जोरदार बारिश होते ही छिडक़ाव पद्धति से बोआई में तेजी आ जाएगी।

## दुर्ग जिले में खेती-किसानी में आई तेजी, मानसून के सक्रिय होने का इंतजार

### 120 दिन में तैयार होने वाली फसल

स्वर्णा देरी से पकने वाले किस्म का धान है, लेकिन यह मोटा और वजनदार आएगा। ऐसे में किसानों को अच्छा फायदा होगा। कृषि विभाग के अफसरों की माने तो सरना धान देरी से पकने वाली किस्म है, लेकिन रिसर्च और हाईब्रिड बीज भी आ चुकी है, जो वजनदार होगा और 120 दिनों में पककर तैयार हो जाएगी। अधिक दिनों में पकने वाले किस्म में सिंचाई के लिए अधिक पानी की आवश्यकता होगी।



### थरहा पर फोकस

जिले के बड़े किसान परंपरागत बोनी से अलग हटकर थरहा लगाने में अधिक फोकस कर रहे है। इसकी वजह है कि थरहा लगाने से बीज का नुकसान कम होता है और उत्पादन भी परंपरागत बोनी से अधिक होती है। थरहा लगाने किसान खेतों को तैयार कर चुके है। थरहा भी तैयार है। अच्छी बारिश किसान इंतजार कर रहे है।

### सामान्य से 33% तक कम बारिश

जिले में मानसून की एंट्री कमजोर रही है। अब तक सामान्य से 33 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है। सामान्य औसत बारिश 130.9 मिलीमीटर है, लेकिन अब तक सिर्फ 87.4 मिलीमीटर पानी की गिरा है। इस प्रकार बारिश की शुरुआत काफी धीमी रही है। हालांकि मौसम विभाग द्वारा अब भी प्री-मानसून की बात कह रहा है। आगामी दिनों में अच्छी बारिश के संकेत हैं। सोमवार को जिले में हल्की बारिश हुई, जो रिकार्ड में ही दर्ज नहीं हो पाई। वहीं धूप खिलने की वजह से तापमान में बढ़ोत्तरी हुई। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.6 डिग्री ज्यादा था। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रिकार्ड किया गया। इधर पिछले दिनों हुई बारिश के बाद किसानी कार्य में तेजी आ गई है। बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता भी बढ़ने लगी है।

**विडंबना :** छग लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 लागू होने के बाद का हाल

# नामांतरण के साढ़े छह हजार से ज्यादा अविवादित मामले लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में विवादित से ज्यादा अविवादित नामांतरण के प्रकरणों की राजस्व विभाग में ढेर लगी हुई है। जबकि विवाद वाले नामांतरण के प्रकरणों की संख्या जिले में सिर्फ 845 है। यही हालात खाता विभाजन, सीमांकन और डायवर्सन की बनी हुई है। जिले में इस तरह करीब 8858 प्रकरण लंबित है। जिसके तेजी से निपटारे के लिए प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने जिला प्रशासन को सक्त निर्देश दिए है।

उल्लेखनीय हैं कि, राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए सिविल चार्ट प्रत्येक विभागों में लगाए गए है। जिसमें लगभग तीस दिन के अंदर राजस्व से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। लेकिन विडंबना ऐसी है कि, विवादित से ज्यादा अविवादित के प्रकरण जिले में लंबित है। यानि विवाद के प्रकरण कम होने के बाद भी अविवादित प्रकरणों की संख्या में कमी आने के बजाय यह बढ गई है। हांलाकि जिला प्रशासन द्वारा नामांतरण अविवादित के समय सीमा से बाहर 28 और विवादित के दो प्रकरण ही बताए है। जबकि अविवादित 6713 प्रकरण है, वही विवादित के 845 प्रकरण लंबित बताए गए है। इस तरह जिले में करीब 8858 प्रकरण लंबित की जानकारी विभाग मंत्री को दी गई है।

## ज्यादातर राजस्व प्रकरणों को तीस दिन में निपटाने का नियम, फिर भी देरी

### जिले में अविवादित मामलों के 47265 प्रकरण जमा हुए

हरिभूमि सरोकार

मिली जानकारी अनुसार जिले में सबसे ज्यादा लंबित प्रकरणों में अविवादित नामांतरण के है। जिसमें दुर्ग, धमधा, पाटन, भिलाई तीन और बोरी व अहिवारा से करीब 47265 प्रकरण लगे है। जिसमें 40524 प्रकरण निराकृत हो चुके है। जबकि लंबित प्रकरणों की संख्या 6741 है। सभी छः निकायों के निराकृत प्रतिशत 85.74 हैं। इसी तरह विवादित नामांतरण के कोर्ट में 3672 प्रकरण लगाए गए है। जिसमें 845 प्रकरण लंबित है।




### खाता विभाजन में भी अविवादित अधिक

जानकारी अनुसार खाता विभाजन के अविवादित 1796 प्रकरण और विवादित 878 प्रकरण लगे है। कोर्ट में वर्तमान में अविवादित के 260 और विवादित खाता विभाजन के 283 प्रकरण लंबित है। इसी तरह सीमांकन के कोर्ट में 3103 प्रकरण लगाए गए है, जिसमें शेष 729 है। इसी तरह डायवर्सन के 4699 प्रकरण कोर्ट में लगे है। जिसमें 743 प्रकरण लंबित है।

### सबसे ज्यादा सीमांकन दुर्ग में अटके

राजस्व विभाग की माने तो दुर्ग में 1531 प्रकरण लगे है। जिसमें से वर्तमान में लंबित नामांतरण के 346 केस है। जबकि धमधा में 83 पाटन में 56 भिलाई तीन में 87 बोरी में 84 अहिवारा में 73 है। इस तरह आधा दर्जन कोर्ट में 729 प्रकरण सीमांकन के लंबित है। जिसमें 81 प्रकरण समयसीमा से बाहर हो गए है। इसे तीस दिन में निराकरण किया जाना है। समय पर सीमांकन नहीं होने से वादियों में नाराजगी भी देखी जा रही है। विवाद भी कई मामलों में गहराता जा रहा है। नामांतरण सीमांकन नहीं होने से जमीन के कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। उम्मीद की जा रही है कि शीघ्र इस मामले का निराकरण उच्च स्तर पर होगा। ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने दिए सख्त निर्देश



विगत दिनों प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने जिला प्रशासन के राजस्व विभाग को सक्त निर्देश दिए हे। जिसमें उन्होने राजस्व से संबंधित प्रकरणों को गंभीरता से लेकर तेजी से निपटाने के निर्देश दिए है। हांलाकि विधानसभा और लोकसभा चुनाव के निपटने के बाद आचार संहिता हटते हुए प्रकरणों के निपटारे में तेजी आ रही है। कलेक्टर ऋणा प्रकाश चौधरी ने राजस्व कार्यो को गंभीरता से लिया है। विधानसभा चुनाव के पहले दस हजार प्रकरण लंबित थे, वर्तमान में यह 8858 पर है।

12 एसआई और 14 एएसआई इधर से उधर

# निरीक्षक समेत पुलिस कर्मियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



■ कानून व्यवस्था दुरुस्त करने बड़े पैमाने पर उपनिरीक्षकों व सहायक उपनिरीक्षकों का ट्रांसफर

एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने एक निरीक्षक और 12 उप निरीक्षक और 14 सहायक उपनिरीक्षकों का तबादला आदेश जारी किया है। जिसमें निरीक्षक राजेश साहू नंदिनी से जेवरा सिरसा, उप निरीक्षक खगेन्द्र पठारे जेवरा सिरसा से नेवई, नीता राजपुत महिला थाना से भिलाई नगर, नमिता टेकाम रक्षित केन्द्र दुर्ग से पदमनाभपुर, महेश्वर लाल देवांगन अमलेश्वर से पदमाभपुर, दीन दयाल वर्मा कुम्हारी से थाना दुर्ग कोतवाली, अमित अदानी रक्षित केन्द्र दुर्ग से दुर्ग कोतवाली , श्रीराम पेंड्रो रक्षित केन्द्र दुर्ग से धमधा, देवालाल साहू ट्रैफिक से थाना कुम्हारी, अशोक कुमार द्विवेदी ट्रैफिक से थाना अमलेश्वर, मकरध्वज प्रधान दुर्ग कोतवाली से थाना वैशाली नगर, पुनीतराम अमलेश्वर से जामुल, सुभाष लाल पुलगांव से पुरानी भिलाई, सहायक उप निरीक्षक संतोष कुमार साहू नगपुरा से भिलाई नगर, मनोज यादव दुर्ग से नगपुरा, नरेन्द्र सिंह रक्षित केन्द्र दुर्ग से एसीसीयू, नरेन्द्र सोनी रक्षित केन्द्र दुर्ग से सुपेला, सुभाष बोरकर रक्षित केन्द्र दुर्ग से कुम्हारी, विनय रक्षक रक्षित केन्द्र दुर्ग से छावनी, प्रमोद सिंह रक्षित केन्द्र दुर्ग से थाना भठ्ठी, राजेश मणी रक्षित केन्द्र दुर्ग से भिलाई नगर, राजेश पाण्डेय एसीसीयू से थाना मोहन नगर, शमित मिश्रा एसीसीयू से भठ्ठी, चंद्रशेखर सोनी एसीसीयू से पुलगांव, गुप्तेश्वर यादव मोहन नगर से एसीसीयू, धर्मेन्द्र देवांगन जेवरा सिरास से वैशाली नगर थाना, संतुराम धमधा से चौकी लिटिया सेमरिया तबादला किया गया है।

### भिलाई-3 में चोरी, तीन लाख का सामान पार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि संतोष कुमार सेनापति रायपुर विकास प्राधिकरण में प्रायवेट नौकरी करता है। मकान में ताला जड़कर परिवार समेत 23 जून को चाचा लिंगाराजू की सड़क हादसे में चोट आने से उपचार के लिए रायपुर लेकर गए थे। दूसरे दिन सुबह घर पहुचने पर मकान से अज्ञात ने आलमारी से 70 हजार रूपये नगद, सोना चांदी के जेवरात को पार कर दिया। आसपास खोजबीन करने के बाद मकान का सामन नहीं मिलने पर घटना की शिकायत पुलिस में की गई। चोरी हुए सामानों में सोने का चैन, तीन नग जेंट्स अंगुठी, ब्रेसलेट, जेंट्स घड़ी, दो नग घडी, सोने का हार सेट, दो नग सोने का ईयर रिंग आदि शामिल है। चोरी हुए सामनों की की कीमत 3 लाख रुपए आंकी गई है।

# एक जुलाई से लागू होगा तीन नया कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नए कानून को लेकर एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर जिले के शासकीय, अशासकीय कॉलजो में तीन नवीन अपराधिक कानून के प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार के लिए दुर्ग पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। भारती विश्वविद्याल पुलगांव के सभा गृह में नवीन भारतीय न्याय संहिता विषय पर कार्यशाला हुआ। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि नवीन भारतीय न्याय संहिता आम जनता को न्याय दिलाने के लिए बनाया गया है। जिससे आम जनता एवं पीडित को न्याय मिलने में विलंब न हो,इसके अंतर्गत पुलिस, न्यायालय के लिए भी समय निर्धारित किया गया है। नये कानून के अंतर्गत महिलाओं, बच्चो से जुडे अपराध के लिए अलग अलग क्लीरिफिकेशन करते है। परिभाषा को एकजाई किया गया है, जिसमें बच्चो की परिभाषा दी गई है। बच्चा कौन है महिलाओं से जुड़े अपराधों में दण्ड का प्रावधान करते हुए महिलाओं से जुडे अपराधो को कठोर बनाया गया है। किसी भी अपराध में गवाह का फोटो, वीडियोग्राफी की जाएगी। जिसे न्यायालय में मान्य होगा। जिससे पीडित को न्याय मिलने में आसानी होगी। सीएसपी दुर्ग चिराग जैन ने भी नए कानून को लेकर जानकारी दी है। अब चोरी या घटना दुर्घटना होती है तो रजिस्टर्ड ई मेल या वाट्सअप के माध्यम से सूचना भेज सकते है।



■ पुलिस अधिकारी दे रहे नए कानून की जानकारी

### महिलाओं और बच्चों से जुड़े मामलों में कठोर प्रावधान

अनुविभागीय दंडाधिकारी उत्तम ध्रुव ने बताया कि नये कानून भारतीय न्याय सहिता मे महिलाओं, बच्चों से जुडे अपराधों मे अपराधी को कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। सभी एक समाज मे रहते है तो हम सभी कर्तव्य है की समाज मे रहकर कानून के नियमों का पालन करे। कार्यशाला में डीएसपी सतीष ठाकुर ने बताया कि बढती सडक दुर्घटनाओं को रोकने, मृत्यु दर में कमी लाने के लिए बनाया गया है। जिस प्रकार मोबाईल की सुरक्षा के लिए कव्हर लगाते है। उसी प्रकार दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने। अचानक किसी सडक दुर्घटना के शिकार होते है तो हेलमेट सर को सुरक्षित रखता है। उसी प्रकार चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाये। वाहन चलाते समय नशे का सेवन कर वाहन न चलाये।

### युवक पर प्राणघातक हमला, अपराध दर्ज

**भिलाई।** युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 307 के तहत कार्रवाई किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कृष्णानगर अम्बेडकर चौक निवासी प्रवीण गायकवाड पर गणेश चौक के पास प्राण घातक हमला करने की सूचना पेट्रोलिंग टीम को मिली थी। मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया। पीड़ित ने बताया कि लोकेश सोनी नामक युवक ने गाली गलौज कर धारदार चाकू से हमला कर फारर हो गया। पीड़ित रोजी मजदूरी का काम करता है। घटना में युवक के कमर के पीछे नीचे हिस्से में चोट आई है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग




छग शासन से अधिसूचना जारी, श्रम विभाग ने जिले के बड़े उद्योगों को भेजा पत्र

# जिले की फैक्ट्रियों में होगी सुरक्षा अधिकारियों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में संचालित उद्योगों में हादसे हो रहे हैं। इन हादसों को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने अब हर फैक्ट्री में सुरक्षा अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश जारी किए हैं। श्रम विभाग के माध्यम से इसे लेकर आदेश जारी किया गया है। श्रमिकों की संख्या के आधार पर सुरक्षा अधिकारियों का निर्धारण किया जाना तय किया गया है। दुर्ग जिले में एसीसी जामुल, एनटीपीसी भिलाई, रायपुर पावर स्टील भिलाई, भिलाई इंजीनियरिंग कार्पोरेशन ट्रांसपोर्ट नगर, बीएसपी, टापवर्थ स्टील रसमड़ा, जेके लक्ष्मी मलपुरी अहिवारा जैसी फैक्ट्रियां शामिल हैं। इसे लेकर शासन स्तर पर अधिसूचना जारी की गई है। छत्तीसगढ़ शासन ने इसे लेकर श्रम विभाग को आदेशित किया है कि वे नियमित रूप से जांच करे। ताकि सभी जगहों पर समय पर सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति की जा सके।

### रिपोर्ट: देश में तीन साल में 3,331 मौतें

वर्ष 2018 और 2020 के बीच कम से कम 3,331 वर्करों की मौतें हुईं। फैक्ट्री में काम के दौरान होने वाले हादसों के संबंध में सरकारी आंकड़ों से इसका खुलासा हुआ है। भारतीय कारखानों में हर दिन 3 मजदूरों की मौत होती है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के महानिदेशालय फ़ैक्ट्री सलाह सेवा और श्रम संस्थान (DGFASLI) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की पंजीकृत फैक्ट्रियों में दुर्घटनाओं के कारण हर दिन औसतन तीन मजदूरों की मौत हुई है। इतना ही नहीं 11 घायल होते हैं। नवंबर 2022 में इंडिया स्पेंड की रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटनाओं में 1,109 वर्करों की मौत हो हुई है। 4,000 से अधिक वर्कर घायल हुए हैं। ये 2017 से 2020 के बीच आंकड़ों के आधार पर है।



### हादसों के मामले में छत्तीसगढ़ तीसरे नंबर पर

2017 से 2020 में सर्वे के आधार पर तैयार की गई इस रिपोर्ट में इन चार सालों में हादसों के मामले में छत्तीसगढ़ देश में तीसरे नंबर है। पहले नंबर गुजरात है, जहां 920 हादसे हुए। दूसरे नंबर महाराष्ट्र हैं, जहां 578 घटनाएं हुईं। तीसरे नंबर पर छत्तीसगढ़ है, जहां 333 हादसे हुए। चौथे नंबर तमिलनाडू जहां 391 और पांचवें नंबर पर आंध्रप्रदेश हैं, जहां 267 घटनाएं हुईं। सबसे कम हादसे चंडीगढ़ में हुए। इसके बाद से उद्योगों में सुरक्षा बढ़ाए जाने की दिशा में कार्य शुरू किया गया है। नियमित रूप से प्रशिक्षण और गाइडलाइन का पालन किए जाने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

### जानिए कहां कितने सुरक्षा अधिकारियों की होगी तैनाती

| फैक्ट्री | श्रमिक संख्या | सुरक्षा अधिकारी |
|---|---|---|
| एसीसी जामुल | 2000 | 2 |
| एनटीपीसी सेल पावर- 1115 | | 1 |
| रायपुर पावर स्टील बोरई 1300 | | 1 |
| भिलाई इंजीनियरिंग कार्पोरेशन-1500 | | 1 |
| रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल बीएसपी-2048 | | 2 |
| कास्टिंग शॉप बीएसपी - 1858 | | 2 |
| प्लेट मिल बीएसपी - 1500 | | 1 |
| कोक ओवन बीएसपी- 3884 | | 3 |
| मेल्टिंग शॉप बीएसपी- 2110 | | 2 |
| टॉपवर्थ स्टील रसमड़ा- 1400 | | 1 |
| जेके लक्ष्मी मलपुरी - 1500 | | 1 |

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** केंद्रीय गोंड़ महासभा धमधा गढ़ द्वारा गोंडवाना की महान वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान पर सिविल लाइन दुर्ग में महारानी दुर्गावती की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर माल्यर्पण किया गया। पूरा माहौल महारानी दुर्गावती अमर रहें के नारों से गूंज गया। इस अवसर पर एमडी श्री ठाकुर ने महारानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डाला। समाज के लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर सीताराम ठाकुर, पन्नालाल नेताम, चुरामन कतलम, पार्षद महेश्वरी ठाकुर, ममता, पूर्णिमा, गीतेश्वरी, फेरुराम, राजेंद्र, गोल्डी, छात्र-छात्राएं व समाज के लोग उपस्थित रहे।

### स्काउट-गाइड के बच्चों ने किया योग



**दुर्ग।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रविशंकर स्टेडियम मे 10वें योग दिवस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विधायक गजेन्द्र यादव विधायक, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आई.जी. आरजी गर्ग, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के साथ विभिन्न स्कूलों से आए 130 स्काउट-गाइड के बच्चो ने योग किया। पतंजलि योगपीठ के जयंत भारती और पंकज शर्मा के दिशा निर्देशन में योग कार्यक्रम मे स्काउटर गाइडर की सहभागिता रही। भारत स्काउट -गाइड के बच्चों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और विधायक गजेन्द्र यादव को सेल्युट कर सम्मानित किया।

### 27 को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर

**दुर्ग।** जिले के धमधा ब्लाक के ग्राम लिटिया में गुरुवार 27 जून को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस शिविर में समस्त विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है। शिविर शासकीय हाई स्कूल भवन लिटिया में पूर्वाह्न 10.30 बजे से प्रारंभ होगी।

### परिवीक्षाधीन अधिकारी कर रहे अभ्यास

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी एम भार्गव भाप्रसे सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई जिला दुर्ग के साथ संलग्न किया गया है। मिली जानकारी अनुसार सहायक कलेक्टर श्री भार्गव भाप्रसे को 24 जून से 30 जून तक आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई, 18 जून को प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के साथ, 19 जून को जिला कोषालय अधिकारी, 20 एवं 21 जून को प्रभारी अधिकारी वित्त शाखा दुर्ग के साथ प्रशिक्षण अभ्यास हेतु संलग्न किया गया था।

**अनदेखी : बीमा कंपनी से कृषि विभाग का तालमेल नहीं, किसान भी अनभिज्ञ**

# खरीफ का सिर्फ 45 करोड़ रुपए भुगतान, रबी की नहीं मिली राशि

**खरीफ सीजन फिर से नया शुरू, लेकिन पुराना भुगतान नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खरीफ सीजन 2023-24 का किसानों को अब तक पूरी राशि का भुगतान नही हो पाया है। इस संबंध में एचडीएफसी बीमा कंपनी द्वारा कृषि विभाग को यह जानकारी नही दी गई हैं कि, आखिर जिले में कितने किसानों का फसल खराब हुआ है। जिससे ऐसे कितने किसान बीमा राशि के लिए लाभान्वित होगें। बहरहाल कृषि विभाग का यही कहना है कि धीरे-धीरे किसानों के खाते में राशि जमा की जा रही है। जिला सहकारी केन्दिय बैंक द्वारा खरीफ सीजन में लोन लेने के दौरान तत्काल किसानों के खाते से बीमा की राशि कांट ली जाती है। लेकिन किसानों को यह जानने के लिए भटकना पड रहा हैं कि, उनका नाम फसल बीमा के नुकसान वाली लिस्ट में या नही है। हर साल कृषि विभाग द्वारा जिले के ग्राम पंचायतो में ऐसे किसानों की लिस्ट चस्पा कर दी जाती थी, जो बीमा राशि के लिए पात्रता रखते है। लेकिन इस बार खरीफ सीजन गुजर गया हैं और नया सीजन शुरू हो गया है। लेकिन बीमा कंपनी ने अब तक किसानों की लिस्ट कृषि विभाग के अधिकारियों को नही दी है। इस संबंध में डीडीए ललित मोहन भगत ने कहा है कि, वे अवकाश पर है। आते ही बीमा कंपनी से जानकारी लेगें।



#### इन रकबों की फसलें हुई थी प्रभावित

जिले में रबि फसल के लिए किसानों ने अनाज और गेंहू 16.143 हेक्टेयर, मक्का 0.279 हेक्टेयर, जौ-ज्वार 0.004 हेक्टेयर है। वहीं दलहन-चना 15.527 हेक्टेयर, तिवडा 8.986 हेक्टेयर, मटर 0.100 हेक्टेयर, मसूर 0.896 हेक्टेयर, उडद और मूंग कुल्थी में उपज प्रभावित हुए है। इसी तरह तिलहन व अलसी 0.062 हेक्टेयर, राई-सरसो 5.000 हेक्टेयर, कुसुम 63 हेक्टेयर, तिल, सूर्यमुखी फसल प्रभावित हुई है। इसके आलावा गन्ना, कपास व साग सब्जी के फसल लगे थे।

#### कंपनी से संवाद करने का कोई साधन नहीं

प्रगतिशील किसान संगठन के अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने बताया कि, बीमा कंपनी से जानकारी लेने कोई संपर्क नही है। जबकि हर साल किसानों द्वारा मांग की जाती है कि, बीमा कंपनी के कर्मचारियों का जिले में निवास अधिकृत किया जाए। लेकिन जिला सहकारी और बैंको के जरिए करोडों रूपए प्रीमियम राशि लेने के बाद किसानों को कंपनी जानकारी तक नही देती है।

#### रबि सीजन में 27 करोड़ का बीमा

इस रबि (2024) सीजन में जिले के किसानों ने 27 करोड रूपए का प्रीमियम जमा किया है। किसानों द्वारा चना, गेहूं के साथ ही दलहन फसल में बीमा कराया है। अफसरों ने बताया कि, ऐसे किसान जो फोन के जरिए सूचना नही दे पाए है। उन्हें भी फसल बीमा का लाभ मिलेगा। लेकिन उत्पादन के बाद ऐसे किसानों को नुकसान होने पर बीमा कंपनी द्वारा क्लेम की राशि जारी की जाएगी।

#### खरीफ का 45 करोड़ भुगतान का दावा

वर्ष 2023 खरीफ सीजन के लिए जिले के 81625 किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रीमियम जमा किया है। इसमें 81625 किसानों ने 11 करोड 16 लाख रूपए जमा किया है। वही राज्य 31 करोड 45 लाख और केन्द्र ने भी 31 करोड 45 लाख रूपए (तीनों का शेयर) मिलाकर कुल 74 करोड रूपए बीमा कंपनी को प्रीमियम दिया गया है। जिले में ऋणी 323316 और अऋणी 3759 किसान शामिल है। कृषि विभाग के अफसरों का दावा है कि, जिले के किसानों को 45 करोड का भुगतान हो चुका है। इससे ज्यादा आंकडे विभाग के पास नही है।

## कब्जा मुक्त करवाने राष्ट्रीय बजरंग दल ने खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- **सद्बुद्धि प्रदान करने किया हनुमान चालीसा का पाठ**

राष्ट्रीय बजरंग दल छत्तीसगढ़ ने आपापुरा वार्ड अंतर्गत स्थित श्री लंगूरवीर मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से अतिक्रमण हटाने मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर बजरंगियों द्वारा सोमवार को कोठारी नर्सिंग होम के सामने जमकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उन्होंने शासन-प्रशासन और नर्सिंग होम प्रबंधन को सद्बुद्धि प्रदान करने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से अतिक्रमण हटाने अपनी मांगे दोहराई।

प्रदर्शनकारी बजरंगी सैकड़ो की संख्या में कलेक्ट्रेट भी पहुंचे। यहां उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर अपनी मांगों से अवगत कराया। यह प्रदर्शन राष्ट्रीय बजरंग दल छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष साई कृष्णा राव के नेतृत्व में किया गया। उनका आरोप था कि, कोठारी नर्सिंग होम के संचालक द्वारा श्री लंगूरवीर मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर अतिक्रमण कर प्रवेश द्वार को बंद कर दिया गया है। यह कृत्य कर कोठारी नर्सिंग होम के संचालक ने भूमि के लिए हुए इकरारनामा का उल्लंघन किया है। इकरारनामा में भूमि के उपयोग के लिए शर्तों का स्पष्ट उल्लेख है। राष्ट्रीय बजरंग दल छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जी साई कृष्णा राव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि, श्री लंगूरवीर मंदिर से लोगों की आस्था जुडी हुई है। मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार अतिक्रमण मुक्त होना चाहिए। श्री राव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल का 6 वर्ष पूर्व 24 जून को डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने स्थापना की थी। स्थापना दिवस पर बजरंगियों द्वारा भिलाई पावर हाउस से रैली निकल कर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां श्री लंगूरवीर मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार को अतिक्रमण मुक्त करने हुंकार भरी गई। प्रदर्शन में राष्ट्रीय बजरंग दल छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष साई कृष्णा राव, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद प्रदेश महामंत्री महेंद्र साव, प्रदेश संगठन मंत्री राहुल वाडिवा, बजरंग दल प्रदेश महामंत्री विक्रांत शर्मा, विभाग अध्यक्ष वेणु गोपाल, जिला अध्यक्ष मुकेश सोनकर, जिला महामंत्री शशांक शर्मा, श्री लंगूरवीर मंदिर जीणोद्धार समिति संरक्षक गोविंद प्रसाद दीक्षित, ट्रस्टी आनंददेव ताम्रकार, नरेंद्र सोनकर, प्रांजल त्रिपाठी के अलावा सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

### एनसीसी शिविर में मिलेट विषय पर व्याख्यान

**दुर्ग।** संयुक्त राष्ट्र संघ, भारत शासन औसगढ़ राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023 को मिलेट वर्ष घोषित किया गया था। इसी तारतम्य में 37 छग बटालियन एनसीसी के एटीसी शिविर में मिलेट विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। देसी आहार (मिलेट) लाइफ, कषाय एवं योग सेंटर से विषय विशेषज्ञ सीएमए अशोक शर्मा ने अपने व्याख्यान में बताया कि जब हमारा आहार, पानी प्रदूषित हो व जीवनशैली गलत हो तो दवा किसी काम की नहीं होती वह केवल अल्प समय के लिए बीमारी से राहत दे सकती है, लेकिन अगर हम अपना आहार पानी शुद्ध करने व जीवनशैली सुधार ले तो हमें किसी दवा की जरूरत नहीं होती। उन्होंने मिलेट के रूप में उपलब्ध मोटा अनाज कोदो, कुटकी, सान्वा, कांगनी, छोटी कांगनी, जवारा, बाजरा, मक्का, चना, रागी को कैसे, कब व कितना लेना है। इसकी जानकारी व कुटी हुई मसाले व कच्ची घानी का तेल उपयोग करने की बातें कहीं; जिससे हमारा आहार में शुद्धता आ जाएगी। इसी प्रकार जल को तांबे के बर्तन में 8 घंटे रखकर उसे स्टील के पात्र में डालकर उसका उपयोग करें, तो आपको शुद्ध जल मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि जीवन शैली सुधारने हेतु आपको प्रतिदिन सूर्योदय के पश्चात व सूर्यास्त के पूर्व कम से कम एक घंटा सूर्य की लालिमा में नंगे पैर पैदल चलना चाहिए।

## जिला साहू संघ ने सांसद को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू के नेतृत्व में दुर्ग जिला साहू संघ के पदाधिकारियों द्वारा दुर्ग लोक सभा के नवनिर्वाचित सांसद विजय बघेल को विजयी होने पर उनसे भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दुर्ग जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू, प्रदेश साहू संघ के महामंत्री लखनलाल साहू, जिला सलाहकार भीखम साहू, उपाध्यक्ष कृष्णा साहू, दिव्या कलिहारी, मंजू साहू, महासचिव राकेश साहू, कोषाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला मीडिया प्रभारी राकेश साहू, प्रचार सचिव टी आर साहू, लालसिंग साहू, समन्वयक यतीश साहू, छात्रावास अधीक्षक सुनील साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक अजय चौधरी, कार्यालय सचिव चंद्रकांत, न्याय प्रकोष्ठ देवेंद्र साहू, प्रमोद, शोभाराम साहू एवं अश्वनी साहू आदि मौजूद थे।

### मुखर्जी की पुण्यतिथि पर पौधरोपण कर लिया सकंल्प



**उतई।** उतई में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पं. मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण करने का संकल्प लिया गया। तत्पश्चात सद्भावना चौक पाटन पुल उतई स्थित अमर शहीद स्मृति स्थल पर भारत माता की आरती कार्यक्रम संपन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री रोहित साहू, डॉ. अनिल साहू, सोनू राजपूत, सतीश चंद्राकार, नरेंद्र साहू, हूबलाल चंद्राकार, देवेंद्र राजपूत, आलोक साहू, नीलम आदि मौजूद थे।

## नाली में कचरा डालने वाले कलकत्ता स्वीट्स को भरना पड़ा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- **आयुक्त ने जल भराव क्षेत्र का किया निरीक्षण**



नगर पालिक निगम क्षेत्र सीमा के अंतर्गत बारिश के मौसम जल भराव की समस्या से निपटने निगम कमिश्नर लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के संग संभावित जल भराव वाले क्षेत्रों का सोमवार को दौरा कर आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। दरअसल हर बरसात में शहर के जिन मोहल्लों में जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है उन मोहल्लों में जाकर निगम कमिश्नर ने तैयारियों को परखा। निगम कमिश्नर ने जोन क्रमांक 4 के बोरसी सहित अन्य स्थानों का दौरा किया। इस दौरान सभी नालियों को साफ करने और पानी निकासी के लिए दिए। इसके अलावा कहीं भी कचरा जमा ना हो इसका ध्यान रखने साथ ही कचरा फेंकने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। नालियों में कहीं भी चेंबर खुला ना रहे इसकी जांच करने के भी निर्देश दिए। निर्माणाधीन भवन में निर्माणकर्ता द्वारा सडक़ के किनारे मलमा डालने वालो को चेतावनी दी गई। निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आने पर भवन मालिक के खिलाफ जुर्माने के लिए कमिश्नर ने निर्देशित किया। इसके अलावा कमिश्नर के निर्देश पर महाराजा चौक कलकत्ता स्वीट्स द्वारा नाली में कचरा डालकर नाली जाम किया जा रहा था, जिनके खिलाफ जुर्माना किया गया। उन्होंने जेल चौक से मालवीय नगर जाने वाली मार्ग सड़क किनारे में निर्माणाधीन नाला को अधिक बारिश के पूर्व तेज गति से करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। शहर क्षेत्र के सभी नाला को और भी बेहतर सफाई के निर्देश दिए।

### पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिधि से मिलेगा लोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- **आवेदन भरने के लिए शिविर शुरु**

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देशानुसार पसरा ठेला व घूम-घूम कर व्यवसाय करने वाले शहरी पथ विकेता महिला-पुरुष को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10000 रुपये का ऋण 7 प्रतिशत वार्षिक व्याज पर बैंक के माध्यम से दिया जा रहा है। जिस महिला, पुरुष को व्यवसाय हेतु ऋण की आवश्यकता हो वे 24 एवं 25 जून वार्ड क्रमांक पंचशील नगर में गुप्ता च्वाइस सेन्टर, वार्ड 56 बघेरा में सामुदायिक भवन तम्बोली च्वाईस सेन्टर, वार्ड 17 में 26, 27, 28 जून दुर्गा मंच, वार्ड 5, 6 एवं 9 में 25 एवं 26 जून शीतला मंदिर परिसर बैगा पारा एवं वार्ड 23 एवं 4 गया नगर मुक्तिधाम में स्वास्थ्य केन्द्र में 27 व 28 जून प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर में पहुंचकर आनलाईन आवेदन कर सकते है। इसके अतिरिक्त जिन महिला, पुरुष को पचास हजार रु से दो लाख रुपये तक का ऋण व्यवसाय बढ़ाने के लिए लेने की आवश्यकता हो तो सभी शिविर स्थल में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना हेतु जरुरी दस्तावेज, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें।

### कृषि सखी दीदीयों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**दुर्ग।** जनपद पंचायत पाटन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत 51 कृषि सखी दीदीयों का नेचुरल फार्मिंग पर पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 से 22 जून तक चलेगा। जिसमें प्रशिक्षण कृषि विभाग एवं प्रदान संस्था द्वारा दिया जा रहा है।

### आशीष यादव बने विधायक प्रतिनिधि

**दुर्ग।** विधायक देवेन्द्र यादव ने आशीष यादव निवासी क्वा नं-3, सेक्टर-1 वार्ड क्र 38 को छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल युनिवर्सिटी दुर्ग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करने हेतु जिला प्रशासन को विवरण प्रेषित किया है।




**कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण**

# उर्वरक भंडारण का रिकार्ड नहीं, नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बगैर रिकार्ड संधारण के उर्वरको की बिक्री मामले में प्रशासन द्वारा संचालक को नोटिस जारी की गई है। छापामार कार्यवाही के दौरान गडबडी सामने आते ही संचालक को फटकार भी लगाई गई है।

- **गड़बड़ी पर संचालक को लगाई फटकार**



कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार खरीफ 2024 में जिले के कृषकों हेतु उच्च के गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री यथा उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुये जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत के मार्गदर्शन में विकासखंड दुर्ग के जलाराम एग्रोटेक, गंज मण्डी कॉम्प्लेक्स, धमधा रोड दुर्ग का जिला उर्वरक निरीक्षक एवं सहायक संचालक कृषि श्री एस. के. कोरोम, उर्वरक निरीक्षक एवं कृषि विकास अधि नवीन खोब्रागडे श्रीमति मंजुषा सिंह, एकता साहू एवं देवेन्द्र मोहन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दल द्वारा मई में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के अनुज्ञप्ति पत्र, समस्त दस्तावेज स्कंध पंजी, बिल बुक, प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु उपलब्ध उर्वरकों का अवलोकन किया गया, जहां बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र उर्वरक का भण्डारण किये जाने के कारण, रिकार्ड संधारण नहीं होने व मासिक रिपोर्ट नहीं दिये जाने के कारण, उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खण्ड 4, 8(3), 8(4), 35 1() एवं 35 1(इ) का उल्लंघन पाये जाने पर जब्ती एवं सुपुर्दुगी की कार्यवाही की गई है। संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण के लिये 07 दिवस का समय दिया गया है। जवाब समय पर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

#### पन्द्रह दिन के अंदर लगातार जांच

आगामी 15 दिवस के भीतर निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का शत-प्रतिशत निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है, ताकि कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाई की उपलब्धता करायी जा सके।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सवर्साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रूपा श्रीवास्तव पुत्री-Raghupati Sinha. पत्नि-स्व. अजीत श्रीवास्तव (वर्तमान पति) (आधार न. 6877 7459 9328) पता 41/आपटर्मेंट-ई. कु. 29. ज 41, मरोदा सेक्टर, भिलाई, सिविक सेंटर मिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.). जो कि भिलाई इस्पात संयत्र के भूखण्ड में निर्मित लाइसेंस शॉप कमांक 241 सेक्टर-06 'सी' मार्केट, भिलाई नगर, की लाइसेंस धारक है, जिसका लाइसेंस आवंटन आदेश क्रमांक 663 दिनॉक 09.06.2012 हैं। ने उक्त दुकान का मलवा/ढांचा का स्वामित्व, श्री मो. रेहान पुत्र मो. अहमद, (आधार न. 3933 1344 4029) पता-शॉप न. 277, सी-मार्केट, साई मंदिर के पास, सेक्टर-6, सिविक सेंटर भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के नाम हस्तान्तरण करने हेतु इस कार्यालय में दिनॉक 15.01.2024 को आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त शॉप कमांक 241, सेक्टर-06 'सी' मार्केट मिलाई नगर के मलबे / ढांचा तत्सबधित हस्तांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, व्यक्तियों, शासकीय / अशासकीय कार्यालयों, बैकों, वित्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति / दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। मियाद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मुहर से आज दिनॉक 18/06/2024 को जारी किया गया।

वरि. प्रबंधक (न.से. दुकान)
सेवायें, भिलाई इस्पात संयत्र

**बिजनेस साइट**

## मल्टी एसेट निवेश का महत्व जरूर समझें



**लालाराम साहू**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भिलाई

**भिलाई।** हाल ही में संपन्न आम चुनाव के नतीजों के बाद घरेलू राजनीतिक मोर्चे पर हुए घटनाक्रमों के कारण बाजार में हाल ही में बहुत उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। इसके अलावा लगातार विकसित हो रहे भू–राजनीतिक तनाव और वैश्विक विकास संबंधी चिंताएं निवेशकों को और भी परेशान कर रही हैं। अगर आप उन लोगों में से हैं जो इस बात को लेकर उलझन में हैं कि ऐसी स्थिति में आपको अपने निवेश के बारे में क्या करना चाहिए, तो आपको मल्टी- एसेट दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। मल्टी- एसेट निवेश एसेट आवंटन भाग का ध्यान रखता है- जो कि सफल निवेश के लिए महत्वपूर्ण है।

मल्टी-एसेट निवेश दृष्टिकोण, जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, एक निवेश दृष्टिकोण है जिसके माध्यम से किसी भी समय विभिन्न एसेट क्लास में निवेश किया जा सकता है। हालांकि यह एक सदाबहार रणनीति है, लेकिन अनिश्चित समय के दौरान इसका महत्व कई गुना बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि एक मल्टी-एसेट पोर्टफोलियो में इक्विटी, डेट, कमोडिटीज, आरईआईटी, इनविट आदि जैसे विभिन्न एसेट क्लास शामिल होंगे। ऐतिहासिक डेटा से पता चलता है कि इस तरह का विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो लंबी अवधि में निवेशकों को काफी बेहतर और मजबूत रिटर्न देता है।

मल्टी–एसेट निवेश दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि निवेशक इक्विटी की उच्च वृद्धि संभावनाओं को न चूकें, साथ ही उन्हें डेट द्वारा प्रदान किए गए स्थिर रिटर्न का लाभ भी मिलता रहे। इसके अलावा, एक एसेट क्लास के रूप में सोना मुद्रास्फीति के खिलाफ एक मजबूत बचाव प्रदान करता है जबकि रिट्स (आरईआईटी) और इनविट्स आपके पोर्टफोलियो में अतिरिक्त यील्ड उत्पन्न करने में मदद करते हैं।

मल्टी-एसेट निवेश तक पहुंच प्राप्त करने का सबसे आसान तरीका मल्टी- एसेट फंड के माध्यम से है। यह हाइब्रिड कैटेगरी में एक बेहतरीन ऑफर है जिसमें एक निवेशक को एक ही फंड के भीतर तीन या अधिक एसेट क्लास में निवेश का मौका मिलेगा। ऐसे फंडों का प्रोफेशनल मनी मैनेजमेंट और बाजार की स्थिति के अनुसार आवंटन को बदलने की उनकी क्षमता निवेशकों का बहुत समय और ऊर्जा बचाती है।

इस कैटेगरी में सबसे पुरानी ऑफर्स में से एक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टी- एसेट फंड है। 22 से अधिक वर्षों के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, इस फंड ने शुरुआत से ही 21.39 प्रतिशत का मजबूत रिटर्न दिया है। 31 मई, 2024 तक फंड ने एक वर्ष में 31.57 प्रतिशत का प्रभावशाली रिटर्न और तीन वर्षों और पांच वर्षों में क्रमशः 22.24 प्रतिशत, 19.45 प्रतिशत का काफी अच्छा और प्रभावशाली रिटर्न दिया है

## खबर संक्षेप



### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**उतई।** ग्राम पंचायत करगाडीह में जिला न्यायालय दुर्ग द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अपर सत्र न्यायाधीश दीपक कोसले व न्यायिक मजिस्ट्रेट पुनीत राम गुरुपंच ने उपस्थित ग्रामीणों को साइबर क्राइम, घरेलु हिंसा, यातायात नियम, पारिवारिक विवाद, टोनही प्रताड़ना, बाल विवाह संबंधित कानूनी जानकारी दिया। इस अवसर पर सरपंच घनश्याम गजपाल, मन्नूलाल साहू, जामवंत गजपाल,भेखचंद साहू, महेश साहू, सुरेश चक्रधारी, खिलेश्वर साहू, अश्वनी साहू, पुनारद साहू, धनेशवरी साहू सहित महिलाएं, ग्रामीणजन व पुलिस स्टाफ़ आदि उपस्थित थे।

### बुनियादी साक्षरता प्रशिक्षण में शामिल हुए बीईओ



**जामगांव आर।** शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन में निपुण भारत मिशन अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता ज्ञान एफएलएन के निर्धारित लक्ष्य 2026-27 के पूर्व 2025 में ही पूरा करने विकास खण्ड पाटन शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार महिलांगे ने कवायद शुरू कर दिया है। विकास खण्ड में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण अंतर्गत जोन पाटन व जामगांव आर में राज्य स्त्रोत व्यक्ति सुशील कुमार सूर्यवंशी के साथ शामिल होकर शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हुए प्रशिक्षण के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर प्रशिक्षण संम्बंधित जानकारी को क्वीज व एनालिटिकल प्रश्नो के माध्यम से जांचकर, शिक्षकों को पुरस्कृत किए। जिससे शिक्षक प्रसन्न होकर प्रभावित होते हुए शिक्षा अधिकारी के हर प्रश्नों पर अपना सहभागिता दिए। प्रशिक्षण अंतर्गत व्यवस्थागत चर्चा के साथ कंटेंट डिलिवर कैसे किया जा रहा है पर विस्तार से चर्चा मास्टर ट्रेनर रुपेश कुमार साहू एवं टिकेश्वर गजपाल से करते हुए बेहतर व्यवस्था के लिए दोनों को बधाई दिए।

### धनुष बने छग मानस संगठन दुर्ग के जिला अध्यक्ष

**उतई।** छत्तीसगढ़ मानस संगठन का राज्य स्तरीय निर्वाचन ग्राम अरकार जिला बालोद में सम्पन्न हुआ



जिसमें जिला दुर्ग, जिला बालोद, जिला धमतरी के मानस प्रेमी उपस्थित हुए। तत्पश्चात प्रांतीय अध्यक्ष एवं संस्थापक चंपेश्वर सिंह राजपूत द्वारा स्वागत भाषण एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वहीं धमतरी जिला अध्यक्ष शारदा दास मानिकपुरी, बालोद जिला अध्यक्ष गंगाधर साहू इसी तरह जिला दुर्ग से दूसरी बार धनुष लाल यादव जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए। दुर्ग जिले से अध्यक्ष धनुष यादव, उतई महासचिव ओमप्रकाश वरदे, रीवागहन कोषाध्यक्ष मनोज भारती सोरम वरिष्ठ सलाहकार, किशोर कुमार साहू के नियुक्ति मानस परिवारजन हर्षित है। साथ ही संस्कार मानस परिवार उतई अनेक लोगों ने बधाई दी।

## निधन

### श्रीराम ठाकरे

**भिलाई।** सेक्टर-5, सड़क-16



क्वार्टर 2/सी निवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी श्रीराम ठाकरे उम्र 74 वर्ष का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 जून को सुबह 11 बजे राम नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे प्रवीण और मिलिंद ठाकरे के पिता थे।

### दुर्गा देवी नारंग

**जामगांव आर।** सुरपा निवासी दुर्गा देवी नारंग का निधन रविवार को हो गया। वे इंद्रजीत नारंग की दादी थीं।

# अब तक नहीं खुला पीएम आवास का ताला, दर-दर भटक रहा पात्र परिवार

## ग्राम पंचायत निकुम का मामला, कई परिवार किराये के मकान में तो कई की कच्चा मकान में रहना मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

ग्राम पंचायत निकुम में प्रधानमंत्री आवास योजना में जमकर लापरवाही बरतीजा रही है। ग्राम पंचायत निकुम के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि आंख मूंदकर बैठे है, जिसके कारण ग्राम पंचायत निकुम की मासिक बैठक में पंचों ने जमकर हंगामा किया बावजूद जिम्मेदार नींद में डूबे हुए हैं।

पूर्व सरपंच के कार्यकाल में छः पात्र परिवारों को निकुम आबादी पारा आमटी में जमीन व आवास दिया गया। सभी पात्र



परिवारों को पूरा किश्त भी दिया गया, वहीं सरपंच ने बिजली, पानी व मनरेगा से सड़क व मुरम फिलिंग करवाया, लेकिन सिर्फ एक परिवार आवास में रहता है, बाकी घरों में बीते 5 वर्ष से लगा ताला जंग खा रहा है। वहीं आज तक जिस परिवार को आवास मिला वह नही रह रहा है, गौर हो कि एक पात्र परिवार रोहित को पूरा किश्त 1.20 लाख रुपये मिला, लेकिन घर अधूरा पड़ा है। वहीं ग्राम पंचायत निकुम से मिली जानकारी के अनुसार कई नोटिस दिये हैं, फिर भी जिस परिवार को आवास मिला है, वह नही रह रहा है। वहीं ग्राम पंचायत निकुम सरपंच मुक्ति सुधाकर ने कहा कि फिर से आवास में जाकर रहने नोटिस दिये हैं।

पंच भैयालाल, गोपेन्द्र साहू ने बताया कि गौर हो कि सरकारी जमीनों सड़क किनारे पर कई ग्रामीण खुलेआम जमकर अतिक्रमण कर प्रशासन को लाखों रुपये का चूना लगा रहे हैं। वहीं सड़क किनारे लगी हरे भरे नर्सरी को आये दिन काट कर अपनी-अपनी दुकान सजा रहे हैं। अवैध तरीके बिजली कनेक्शन आसानी से किसके इशारे पर मिल रहा है, इस पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। मुख्य चौक-चौराहों सड़कों पर अवैध दुकान लगने से दुर्घटना को खुलेआम निमंत्रण दे रहा है। वहीं पात्र परिवारों को पीएम आवास मिलना चाहिए।

## भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

# पं. मुखर्जी के योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन नगर भाजपा द्वारा भारत की एकता व अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले प्रखर राष्ट्रवादी नेता, महान चिंतक और जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर भाजपा द्वारा विश्राम गृह पाटन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर उनके बलिदान दिवस पर उन्हें याद कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

इस अवसर पर भाजपा के नेता प्रतिपक्ष योगेश भाले, नगर अध्यक्ष होरीलाल देवांगन, अनिकेत मिश्रा नगर महामंत्री, केवल देवांगन जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा, निशा सोनी अध्यक्ष महिला मोर्चा मध्य पाटन, छबीश्याम देवांगन, सीता देवांगन, ममता शर्मा, रेणुका बिजोरा, विनोद बाघ, देवेंद्र ठाकुर, मोती मालेकर वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता बंधु मौजूद थे।

### पाटन, कुम्हारी और उतई में भाजपाइयों ने किया स्मरण



### उतई में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**उतई।** भाजपा उतई मंडल के ग्राम खोपली में पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के दिन जनसंघ के संस्थापक, राजनीति के महानायक पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि



23 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। श्यामा प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके गुणों का स्मरण किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष फलेंद्र सिंह राजपूत, भाजयुमों उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष देवेंद्र भारती, राजूलाल साहू, किशुन चंद्राकर, संतोष साहू, अखिलेश चंद्राकर, टूमन चंद्राकर, दुष्यंत सपहा, लीलाधर कौशिक, जगन्नाथ यादव, गौतम निर्मलकर, अश्वनी वर्मा आदि उपस्थित थे।

### पं मुखर्जी के जीवनी पर डाला प्रकाश

**जामगांव आर।** भरर शक्ति केंद्र में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जामगांव आर मंडल



उपाध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी अंगेश्वर साहू विशेष तौर पर उपस्थिति थे। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, वरिष्ठ भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने की दिशा में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता देश हित में कार्य को गति देने के लिए सतत प्रयासरत है। इस अवसर पर ग्राम भरर के भाजपा कार्यकर्ता अमरु धीवर, विष्णु निर्मलकर, शंकर साहू, नोहर साहू, गोवर्धन साहू, द्रोण चंद्राकर, केशव साहू, भारत चंद्राकर, पुरषोत्तम चंद्राकर, हीरा सिंह, दिनेश नगरिया, अरुण चंद्राकर, नकुल सहित बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### भाजपा कुम्हारी मंडल ने मनाई

**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल द्वारा देश की एकता अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अपने प्राणों का बलिदान देने वाले डॉ. श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि कुम्हारी



के वार्ड क्रमांक 15 सांसद कार्यालय में मनाई गई। इस कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष पीएन दुबे, राम कुमार सोनी, मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सिन्हा, वार्ड नंबर 15 पार्षद रागिनी निषाद, राजमहल एवं पार्षद ओंकार प्रसाद मारकंडे, पार्षद विनोद बंजारे, मंडल उपाध्यक्ष विरेंद्र सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य तृप्ति चंद्राकर, पूर्व मोर्चा अध्यक्ष सुजीत यादव, पूर्व युवा मोर्चा महामंत्री सुमित द्विवेदी आदि मौजूद थे।

# योग कर निरोग रहने शिविर में दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| ननकट्ठी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम सिरसाखूर्द में 17 जून से 21 जून तक 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन छग शासन द्वारा जनहित में संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार किया गया। उक्त शिविर में ग्राम के सरपंच, पंच जनप्रतिनिधियों, प्रधान पाठक का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। योग शिविर के आयोजक आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर सिरसाखुर्द के डॉ.मणीन्द्र मोहन श्रीवास्तव द्वारा योग के महत्व एवं आयुर्वेद को जीवन में अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर योग प्रदर्शनी, चित्रकला प्रतियोगिता भी करायी गयी। योग अभ्यासियों को अंकुरित मूंग, चना, फल, आयुर्वेदिक काढ़ा का वितरण, पम्पलेट ब्रोशर का वितरण किया गया। योग शिक्षक बसंत वर्मा द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग प्रदर्शन एवं आसनों की जानकारी एवं अभ्यास कराया गया।

■ सिरसाखुर्द में 5 दिवसीय योग शिविर आयोजित

अंतिम दिन अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रुपेश कुमार पाण्डेय सीईओ जनपद पंचायत, पुष्पा भुनेश्वर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष, भुनेश्वर यादव सरपंच, कृष्णमूर्ति यादव जनपद पंचायत सदस्य,श भुवनेश्वर साहू सचिव, गिरजा तिवारी, गोविंद यादव, संध्या सेंगर प्रधान पाठक, शिक्षक गण एवं अन्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। पांच दिवसीय योग शिविर में कुल 671 हितग्राहियों ने लाभ प्राप्त किया।

# दो शिक्षक पर्यावरण मित्र से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

पर्यावरण प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ एवं विप्रो अर्थियन फाउंडेशन द्वारा आयोजित अर्थियन पर्यावरण मित्र पुरस्कार 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला बीएमवाय एवं राज्य स्तर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाहन्दा (अ) का चयन हुआ है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल के संचालक अमिताभ पांडे एवं भारत स्काउट गाइड महिला विंग पचमढ़ी की उपसंचालक सुरेखा श्रीवास्तव द्वारा दोनों विद्यालय को पर्यावरण विद्यालय के रूप में सम्मानित किया गया। प्रोफेसर अमिताभ पांडे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी शिक्षक व विद्यालय बधाई के पात्र हैं। राज्य समन्वयक जितेन्द्र पटेल, प्रियंका एवं गायत्री ने सभी शिक्षकों के कार्यों की सराहना की। इस वर्ष शिक्षकों को 23 से 25 मई 2024 को पचमढ़ी मध्य प्रदेश में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला बीएमवाय की प्राचार्य मंजू शुक्ला, ललित किशोरी एवं शत्रुहन सिंह ठाकुर मार्गदर्शक एवं शाउमा विद्यालय पाहन्दा के प्राचार्य जेपी पांडेय उपस्थित थे। प्रोजेक्ट शिक्षिका को ललित किशोरी साहू एवं शत्रुहन सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में विद्यालय के पांच विद्यार्थी शिवानी महंत, शेष नारायण बैरागी, संजना राजपूत, नीलम यादव एवं अनीश पटेल द्वारा प्रोजेक्ट कचरा एवं सस्टेनेबिलिटी को पूर्ण कराया गया। जिसके लिए राष्ट्रीय स्तर उस प्रोजेक्ट को पुरस्कृत करने के लिए चयन किया गया।

■ पचमढ़ी में आयोजित समारोह में शिक्षकों को दी बधाई

## बिजनेस साइट

# बीएम कॉलेज के छात्रों ने योग से निरोग रहने का दिया संदेश



**भिलाई।** बीएम कॉलेज, कोलिहापुरी, पुलगांव दुर्ग के विद्यार्थियों ने 'करें योग, रहें निरोग' के महत्व को समझने के लिए अपने महाविद्यालय में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। जिसमे प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं योगासन व प्राणायाम के विभिन्न प्रकारों और उनके लाभ के बारे में ज्ञान अर्जित किया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों द्वारा सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार आदि योगाभ्यास किया गया। संस्था की डायरेक्टर भानुमति साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग न केवल आसनों का अभ्यास है अपितु यह एक जीवनशैली है जो शरीर एवं मन को संतुलित रखती है। यह मन मस्तिष्क को असीम शांति प्रदान कर समस्त चिंताओं से भी मुक्त करती है। उन्होंने सभी शिक्षकों और छात्रों को इस कार्यक्रम की सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों के महत्व पर जोर दिया।



### कबीरपंथीयों ने की राज्यपाल से मुलाकात

**अंडा।** विश्व वंदनीय सद्गुरु कबीर साहब की प्रगटोत्सव के शुभ अवसर पर कबीर पंथी समाज अहिवारा आश्रम के प्रतिनिधि मंडल ने राजभवन रायपुर छत्तीसगढ़ पहुंच कर राज्यपाल छत्तीसगढ़ को सद्गुरु कबीर साहब का स्वरूप फोटो एवं कबीर पंथ का अनुराग सागर ग्रंथ व शाल श्रीफल गुलदस्ता भेंट कर बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रदेश वासियों को सद्गुरु कबीर साहब की प्रगट दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर सद्गुरु कबीर आश्रम अहिवारा के प्रतिनिधि मंडल के महंत लीलाधर दास सेवक कबीर पंथ, प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ, प्रदेश उपाध्यक्ष छग प्रदेश लोक कलाकार कल्याण संघ, कुंदन साहू पुजारी आदि उपस्थित थे।



# सेल में अब उच्च दक्षता, जल और ऊर्जा बचत करने में मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल के पहले फ्लोटिंग सोलर प्लांट का उद्घाटन इस्को स्टील प्लांट (आईएसपी) बर्नपुर में निदेशक प्रभारी (बर्नपुर और दुर्गापुर स्टील प्लांट) बीपी सिंह द्वारा किया गया। 4 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाला यह फ्लोटिंग सोलर फोटोवोल्टिक सिस्टम इस्को स्टील प्लांट–आईएसपी के ग्रीन एनर्जी उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लगभग 4 मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन करने की संयंत्र की क्षमता आईएसपी के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण सुधार लाएगी। फ्लोटिंग सोलर पैनल की डिजाइन के कई लाभ हैं, जैसे कि इसकी उच्च दक्षता, जल बचाव एवं ऊर्जा बचत आदि। फ्लोटिंग सोलर प्लांट, आईएसपी के कार्बन उत्सर्जन को भी प्रति वर्ष लगभग 5452 टन कम करने में मदद करेगा। बीएसपी ने भी एनटीपीसी–सेल पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड (एनएसपीसीएल) के साथ 15 मेगावाट क्षमता वाले फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए हल ही में पीपीए साइन किया है। इस्को स्टील प्लांट (आईएसपी) बर्नपुर में फ्लोटिंग सोलर प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम में श्री सिंह ने सभी संबद्ध कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा, कि सूर्य की सौर उर्जा का उपयोग करके यह संयंत्र स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न करने के साथ जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता और हमारे कार्बन फूटप्रिंट को भी कम करेगा।

## इस्को स्टील प्लांट में सेल का पहला फ्लोटिंग प्लांट उद्घाटित

### देश में पहली परियोजना

अधिकारियों ने बताया कि अत्याधुनिक सिस्टम न केवल पूरे इस्पात उद्योग की पहली फ्लोटिंग सोलर परियोजना है, बल्कि पूरे भारत में किसी भी विनिर्माण उद्योग में अपनी तरह की पहली परियोजना है। इस पहल ने सेल के अन्य इस्पात संयंत्रे के लिए भी इसी तरह की परियोजनाएं शुरू करने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस्को स्टील प्लांट (आईएसपी) बर्नपुर में स्थापित सेल के पहले फ्लोटिंग सोलर प्लांट के लिए इस परियोजना की संकल्पना, डिजाइन, इंजीनियरिंग और कार्यान्वयन आईएसपी के परियोजना एवं डिजाइन विभाग, विद्युत वितरण विभाग, केंद्रीय विद्युत विभाग और इलेक्ट्रो टेक्निकल लेबोरेटरी (ईटीएल) के पावर विंग द्वारा, जल प्रबंधन विभाग (डब्ल्यूएमडी) के सहयोग से इन–हाउस किया गया है।




### बीएसपी में भी फ्लोटिंग सोलर प्लांट की तैयारी

सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र और एनएसपीसीएल के बीच 9 मई, 2024 को विद्युत खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह संयंत्र, बीएसपी के मरोदा–1 जलाशय में स्थापित किया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ राज्य का पहला फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र होगा। अनुमान है कि इस संयंत्र से सालाना 34.26 मिलियन यूनिट ग्रीन विद्युत का उत्पादन होगा। जिसका उपयोग बीएसपी अपनी कैप्टिव विद्युत जरूरतों को पूरा करने के लिए करेगा। इससे बीएसपी के कार्बन उत्सर्जन में सालाना 28,330 टन की कमी आने की सम्भावना है। एनएसपीसीएल, जो एनटीपीसी और सेल का एक संयुक्त उद्यम है, इस परियोजना के लिए परामर्शदाता के रूप में कार्य करेगा। इस परियोजना को वर्ष 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बीएसपी के इस परियोजना के तहत अगले चरण में एनएसपीसीएल के माध्यम से, 35 मेगावाट क्षमता वाले अतिरिक्त फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना प्रस्तावित है।

## खबर संक्षेप

### यशद बने छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज चैम्पियन



**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल जुनवानी दुर्ग के कक्षा 9वीं के छात्र यशद कुमार बाम्बेश्वर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता (ओपन श्रेणी) में 6.5 अंक अर्जित कर छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज चौंपियन बने। अंतरराष्ट्रीय स्तर के शतरंज खिलाड़ी यशद कुमार बाम्बेश्वर ने अंतिम राउंड में रायपुर के क्षितिज शर्मा को हराया और चौंपियन बने। उन्हें नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नगर पालिक निगम भिलाई के अध्यक्ष प्रमोद दुबे एवं एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा द्वारा 21000/– एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। डीपीएस दुर्ग प्रबंधन, प्रिंसिपल और शिक्षकों ने यशद कुमार बाम्बेश्वर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

### कला-साहित्य अकादमी का निशुल्क नाट्य प्रशिक्षण

**भिलाई।** कला-साहित्य अकादमी,छग द्वारा निःशुल्क नाट्य,नृत्य,संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन "रविंद्र निकेतन, हुडको कालीबाड़ी" के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। रविंद्र निकेतन, हुडको कालीबाड़ी परिसर में शनिवार और रविवार को शाम 6 बजे से आयोजन की तैयारी है, इसके अलावा स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था, स्मृति नगर के कम्युनिटी हॉल में 4 बजे से, हिन्दू मिलन मंदिर, भारत सेवाश्रम संघ रिसाली के संयुक्त तत्वाधान में हिन्दू मिलन मंदिर भारत सेवाश्रम संघ रिसाली के प्रांगण में भी गुरुवार और शुक्रवार को कार्यक्रम होगा।

## वन्य प्राणियों के प्रति जागरुक करने होते हैं विभिन्न कार्यक्रम

# मैत्रीबाग चिड़ियाघर में हजारों बच्चे ले चुके हैं जू एजुकेशन का सबक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भारत रूस मित्रता का प्रतीक मैत्रीबाग चिड़ियाघर पर्यटन और मनोरंजन के साथ बच्चों में वन्य प्राणियों के प्रति जागरुक करने में भी महती भूमिका निभा रहा है। अपनी स्थापना के आधी सदी के दौरान लाखों नौनिहाल बेजुबां जानवरों और परिंदों से जू एजुकेशन का संदेश ले चुके हैं। सर्कस में जानवरों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगने के बाद यह जू प्रदेश का दूसरा और दुर्ग संभाग का एकमात्र चिड़ियाघर है जहां बच्चे प्रकृति से सीधे जुड़ते हैं।

भिलाई इस्पात संयंत्र के मैत्रीबाग जू की स्थापना 1972 में भारत सोवियत संघ की मैत्री के प्रतीक स्वरुप हुई थी। सामान्य तौर पर प्रदेश के सबसे पुराने इस चिड़ियाघर को वन्य जीवों के दीदार के रोमांच यानी मनोरंजन के लिए ही जाना जाता है। लेकिन पर्यटन के साथ ही मैत्रीबाग बच्चों को जू एजुकेशन देने में भी सालों से अहम योगदान दे रहा है। विदित हो कि इसके लिए पूर्व में सर्कस भी एक बड़ा माध्यम हुआ करता था। सर्कस के तमाशे के साथ बच्चे प्रमुख वन्य प्राणियों को देख और उनके क्रियाकलाप से भी अवगत होते थे। लेकिन वर्ष 2001 में सरकार ने मूक जानवरों पर प्रताड़ना रोकने के उद्देश्य से शेर, भालू, बंदर, हाथी और घोड़े के प्रदर्शन पर रोक लगा दी। जानवरों पर प्रतिबंध के बाद सर्कस का प्रदर्शन का चलन ही बंद हो गया। इसके बाद चिड़ियाघर ही एकमात्र वह जगह है, जहां प्रमुख वन्य प्राणियों का बच्चे लुत्फ उठा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्विनसिटी व जिले के साथ प्रदेश भर के बच्चे मैत्रीबाग जू में विभिन्न प्रजाति के पचासों जानवरों और पक्षियों का लुत्फ उठाने के दौरान परोक्ष रुप से इनके जीवन शैली यानी क्रियाकलाप से भी अवगत होते हैं। वहीं बीएसपी और प्राईवेट स्कूलों के बच्चों के लिए यहां हर साल बीएसपी के उद्यानिकी विभाग द्वारा वन्य प्राणी जागरुकता सप्ताह का आयोजन कर पेंटिंग, निबंध आदि प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजनित कर पुरस्कृत किया जाता है। वहीं स्कूली बच्चों की टीम के भ्रमण पर आने पर उन्हें जू एजुकेशन भी दिया जाता है। हर साल स्काउट, गाइड बच्चों का शिविर भी यहा लगता है। मैत्रीबाग के प्रभारी डां. एनके जैन बताते हैं कि मैत्रीबाग वन्य प्राणियों के संरक्षण, संवर्धन व जागरुक करने में महती भूमिका निभा रहा है। बच्चे प्रकृति से जुड़ रहे हैं।

### जून में है कई प्रजाति के सैकडों वन्यप्राणी





### नाम पट्टिका में है जानवरों की संक्षिप्त जानकारी

मैत्रीबाग जू में विभिन्न नस्लों के करीबन पांच सौ जानवर और पक्षी हैं। जंगल सभारी रायपुर के बाद यह सबसे बड़ा चिड़ियाघर है। कानन पेंडारी बिलासुपर अभयारण्य में भी इतने वन्य प्राणी नहीं है। नंदनकानन कुम्हारी के वन्य प्राणी जंगल सफारी शिफ्ट किए जा चुके हैं। मैत्रीबाग में 7 दुर्लभ वाईट टाइगर, 1 सिंह, तेंदुआ, 1 भालू, दर्जनभर बंदर, 5 लोमड़ी व जैकाल, 2 लकड़बघ्घे, 4 घड़ियाल, सौ से अधिक हिरण, 30 सांभर, दर्जनभर नील गाय, कबरबिज्जू, पेलिकान बर्ड,उल्लू, सफेद चूहे, खरगोश,गोह,सेही, सहित विभिन्न प्रजाति के चील, मोर, तोते,बतख, सारस, कड़कनाथ आदि कई पक्षी हैं। इन सभी के एनक्लोजर व कैज के सामने नाम पट्टिका में इनके बारे में संक्षिप्त जानकारी से भी नन्हे पर्यटक अवगत होते हैं।

### तीन दशक से भव्य फ्लावर शो

मैत्रीबाग में बच्चे जू एजुकेशन के साथ पर्यावरण की दृष्टि से जागरुक भी हो रहे हैं। यहां वनौषधियों सहित कई प्रकार के हजारों पेड़ों के साथ पचासों प्रजाति के फूलों के पौधे भी हैं। आकर्षक उद्यानवाटिकाएं भी हैं। तीन दशक से यहां हर साल भव्य फ्लावर शो भी आयोजित होता है, जिसमें हजारों पर्यटक शामिल होते हैं। उद्यानिकी विभाग द्वारा आयोजित फरवरी के प्रथम सप्ताह में आयोजित इस पुष्प प्रदर्शनी में प्रकृतिप्रेमी प्रतिभागी भाग लेते हैं। विजेताओं को उद्यानिकी विभाग द्वारा पुरस्कृत भी किया जाता है।

# विधायक ने मानदेय से भेंट की इलेक्ट्रॉनिक डेंटल चेयर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रविवार को गुरूद्वारा नानकसर नेहरू नगर परिसर में संचालित मात्र 50 रूपये की फीस से सभी तरह के निःशुल्क उपचार और दवा देने के सेवा कार्य में संचालित गुरूनानक चेरिटेबल पाली क्लिनिक को वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने इलेक्ट्रॉनिक डेंटल चेयर प्रदान की है। कुछ दिन पूर्व विधायक मानदेय से श्री सेन ने गुरूद्वारा कमेटी को शव फ्रीजर लाने ले जाने के जनसेवार्थ ई-रिक्शा प्रदान किया था। इस दौरान पाली क्लिनिक सेवा का अवलोकन करने के दौरान प्रबंध कमेटी ने डेंटल चेयर पुरानी होने की जानकारी दी थी। विधायक ने अपने एक और मानदेय से एडवांस इलेक्ट्रॉनिक डेंटल चेयर खरीद कर आज पाली क्लिनिक को समर्पित की है। विधायक सेन ने कहा कि हम सभी अपना पहला वेतन या व्यापार में पहली कमाई को अपने माता-पिता को देते हैं चूंकि मेरे माता-पिता अब नहीं रहे तो विधायक के रूप में मैंने अपने पहले मानदेय से नेहरू नगर गुरूद्वारा कमेटी को शव फ्रीजर लाने ले जाने के लिए ई रिक्शा वाहन खरीदकर जनसेवा में समर्पित किया था। इसी दौरान गुरूद्वारा कमेटी द्वारा गुरूद्वारा चेरिटेबल पाली क्लिनिक से की जा रही सेवाओं का अवलोकन का अवसर मुझे मिला। यहां मैंने देखा कि ओपीडी, पैथालॉजी लैब, फार्मेसी, एक्स-रे, आर्युवेद, होमियोपैथी की सेवाएं बेहतर ढंग से की जा रही हैं। हाल ही में यहां दंत रोगियों के लिए भी चिकित्सा सुविधा शुरू की गई है।

■ सेवाओं से हुए प्रभावित

अत्यंत ही कम दर पर रोगियों की सेवा के लिए समर्पित इस पाली क्लिनिक को आज मैंने 2 लाख रूपये की इलेक्ट्रॉनिक डेंटल चेयर प्रदान की है क्योंकि चिकित्सा जगत में अत्याधुनिक उपकरणों की आवश्यकता अब महसूस की जा रही है। डेंटल चेयर पहले सिम्पल होती थीं फिर हाइड्रोलिक और अब इलेक्ट्रॉनिक चेयर आ रही है। डेंटल क्लिनिक में अत्याधुनिक डेंटल चेयर होने से समीपस्थ क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा और वे अत्यंत कम दर पर दंत चिकित्सा का यहां लाभ ले सकेंगे।

# डीपीएस जुनवानी के स्टूडेंट्स का चयन टैलेंट असेसमेंट कैम्प में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई









दिल्ली पब्लिक स्कूल जुनवानी दुर्ग के लिए बहुत गर्व की बात है कि उसके चार उभरते एथलिटों, रिया देशमुख कक्षा–9वीं, अनुषा सिंह कक्षा–10वीं, जवीन धनवानी कक्षा–10वीं और मिताली विश्वास कक्षा–11वीं को एथलेटिक्स टैलेंट आइडेंटिफिकेशन असेसमेंट कैंप भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) भोपाल के लिए चुना गया है। छत्तीसगढ़ से कुल 16 छात्र एथलिटों का चयन किया गया है, जिनमें से 4 विशेष रूप से डीपीएस दुर्ग से थे। इससे पहले फरवरी 2024 में इन 4 छात्राओं ने 19वें राष्ट्रीय इंटर डिृरिक्ट जूनियर द्वारा आयोजित विभिन्न ट्रैक और फील्ड कार्यक्रमों में खेला था।

अहमदाबाद, गुजरात में एथलेटिक्स मीट (निडजाम) जिसमें 5000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया और अंततः शिविर के लिए सलेक्ट हुए। भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) द्वारा भोपाल में आयोजित प्रतिभा पहचान मूल्यांकन शिविर 6 से 20 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा, ताकि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) में शामिल किए जाने वाले चयनित खिलाड़ियों की क्षमता और कौशल को निखारा जा सके। डीपीएस दुर्ग स्कूल प्रबंधन, प्रिंसिपल और शिक्षकों ने गर्व से योग्य उपलब्धि हासिल करने वालों और उनके गुरु गगन इंदर सिंह विरदी को उनकी उपलब्धियों के लिए लगातार प्रशिक्षित करने के लिए अपना आशीर्वाद, बधाई दी।

# जमीन व होटल कारोबार के आड़ में शराब माफिया अपराधियों को दे रहा हैं संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

यूपी बिहार के अपराधियों का शरण दुर्ग स्थित होटल और प्रापर्टी डिलिंग एजेंसी-देवभूमि बन चुका है। छत्तीसगढ़ी फिल्म बनाने के बाद से लगातार षडयंत्र रचकर परेशान किया जा रहा है। उक्ताशय का आरोप एमआर ले आउट संचालक नेहरु नगर वेस्ट निवासी मनोज राजपुत ने लगाया है। जिसकी लिखित शिकायत मोहन नगर पुलिस थाने में की गई है। शिकायत में बताया गया है कि मकान नंबर 108 सड़क 8 दीपक नगर दुर्ग निवासी राजेश सिंह का स्टेशन रोड दुर्ग में ड्रीम पैलेस के नाम से होटल है। उसका बायपास दुर्ग टोल प्लाजा के पास देवभूमि नाम से प्रापर्टी डिलिंग का काम है। जनवरी 2024 में राजेश सिंह के साथ ग्राम करहीडीह में स्थित कृषि भूमि को 6 करोड़ 48 लाख रुपए में दोनों के मध्य सौदा हुआ था। उसके बाद बयाना के रुप में 50 लाख रुपए मनोज राजपुत ने राजेश सिंह को दो अलग-अलग चेक के माध्यम से रुपए दिए थे। जिसका इकरारनामा होने के बाद भी सीमांकन, रजिस्ट्री तक नहीं कराया गया। बल्कि मोहन नगर थाने में राजेश सिंह द्वारा झूठे केस में मनोज राजपुत को फंसाने का प्रयास किया गया। जिसका मनोज ने थाने में अपना बयान दर्ज करा चुका है। मनोज ने बताया कि इस तरह का हरकत कर राजेश सिंह बयाना में लिए गए रुपए को गबन करने के उदेश्य से ऐसी हरकत कर रहा है।

■ एमआर ले आउट संचालक ने लगाए गंभीर आरोप

■ मोहन नगर पुलिस थाने में हुई है शिकायत

### फंसाने की रच रहा है साजिश

मनोज राजपुत ने बताया कि कहा कि राजेश सिंह के फार्म हाउस उरला पुलगांव थाना क्षेत्र में सालों पहले शराब का बडा जखीरा पुलिस ने पकड़ा था। इसके पर पुलिस ने ईनाम की भी घोषणा की थी। आरोप है कि राजेश सिंह अपने यहां बड़े अपराधियों को संरक्षण देकर रखता है। ये बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसके अलावा पीड़ित को किसी भी केस में फंसाने की साजिश रच रहा है। कोई भी दिक्कत होने पर पूरी जिम्मेदारी राजेश सिंह की होगी। मनोज राजपुत ने पुलिस से गुहार लगाई है कि इस तरह अपराधी से उसे बचाकर न्याय करे।

# पंप ऑपरेटरों को नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतनः लोइमू यूनियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



सेक्टर 1-6-9 में पम्प हाउस में कार्यरत ठेका पम्प ऑपरेटरों और सीवरेज कामगारों की समस्याओं को लेकर लोकतांत्रिक इस्पात एवं इंजीनियरिंग मजदूर यूनियन लोइमू के पदाधिकारियों बीएसपी के महाप्रबंधक विष्णु पाठक को ज्ञापन सौंपा। यूनियन ने बताया कि पम्प ऑपरेटरों का ठेका एजेन्सी प्रकाश द्वारा काम बंद होने के बाद, जून में दो नई ठेका एजेन्सी को काम दिया गया है। एजेंसी श्रम विभाग एवं बीएसपी द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन से कम पर काम करने की बात कर पुराने कामगारों को काम पर ना लेकर, नए कामगार लाने का काम एजेन्सी द्वारा किया जा रहा है।

बीएसपी आवासों में सुबह से काम करने वाले कामगारों को अपना हक मागने पर काम से निकालने का कृत्य किसी भी तरह से ठीक नहीं हैं। मजदूर बदलने के साथ कामगारों का बेंक पासबुक और एटीएम को भी एजेन्सी द्वारा अपने पास जब्त कर रही है। यूनियन ने महाप्रबंधक ने कार्रवाई का आश्नवासन दिया है। बैठक में यूनियन के महासचिव सुरेंद्र मोहंती, अध्यक्ष देवेन्द्र सोनी सहित जय प्रकाश नायर सहित पंप आपरेटर उपस्थित थे।

■ लोईमू पदाधिकारियों ने बीएसपी के जीएम को सौंपा ज्ञापन

## इंटक व हॉस्पिटल प्रबंधन की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

# जेएलएन अस्पताल में जल्द नियुक्त हों डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक की सेक्टर 9 अस्पताल के सीएमओ इंचार्ज डां. रविंद्र नाथ के साथ बैठक हुई। बैठक में हॉस्पिटल में डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती करने ओपीडी में भी लिफ्ट लगाने वार्डों में तकिया एवं कुर्सी की उचित व्यवस्था करने हॉस्पिटल स्टाफ का पदनाम एवं इंसेंटिव स्कीम रिवाइज करने व साइकिल स्टैंड की व्यवस्था को सुधार करने की मांग की गई। प्रबंधन ने ओपीडी में लिफ्ट लगाने व शीघ्र वार्डों के लिए तकिया एवं कुर्सी की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।

इंटक प्रतिनिधि मंडल ने व्हील चेयर व ओपीडी में भी लिफ्ट लगाने की मांग की जिस पर आश्वासन मिला। यूनियन नेताओं ने सेक्टर 9 हॉस्पिटल में बुजुर्ग मरीजों के लिए हर बार दवाई रिपीट के लिए अस्पताल आने की अनिवार्यता को खत्म करने की मांग की। उप महासचिव अनिमेष पसीने ने कहा कि संयंत्र कर्मचारियों का पदनाम परिवर्तित किया गया है लेकिन मेडिकल स्टाफ के पद नाम परिवर्तन पर कोई नहीं निर्णय नहीं लिया गया है। जल्द से जल्द मेडिकल स्टाफ के पद नाम में परिवर्तन किया जाए। बैठक में सीएमओ डां. कौशलेंद्र ठाकुर, जीएम आर रंजनी, शाहिद अहमद व इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, शेखर कुमार शर्मा, मानिक राम जैनेंद्र, बी श्रीनिवास राव, जागेश्वर साहू, वी मुसलैया, मोहसीन उपस्थित थे।



### डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ बढाने की मांग

महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि अस्पताल में डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी हो गई है कार्डियोलॉजी न्यूरोलॉजी यूरोलॉजी नेफ्रोलॉजी विभागों सहित अन्य विभागों में डॉक्टरों की जरूरत है इसके साथ ही नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती जल्द की जाए। सीएमओ इंचार्ज ने कहा कि हम 20 नियमित डॉक्टर एवं 34 डॉक्टर कॉन्ट्रैक्ट पर भती ले रहे हैं। सेल लेवल पर एचएलएल से एग्रीमेंट हुआ है जिसके तहत सेक्टर 9 हॉस्पिटल को 100 नर्स 50 पैरामेडिकल स्टाफ 30 अस्पताल स्टाफ की जल्द भर्ती की जाएगी।

## बोरई इण्डस्ट्रीयल व्यापारी एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव से की मुलाकात



**भिलाई।** श्री प्लास इंडस्ट्री के डायरेक्टर संजय मिश्र ने बताया कि सौजन्य मुलाकात में सर्वप्रथम मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। बोरई इण्डस्ट्रीयल व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि गुप्ता संरक्षक सीपी कुशवाहा एवं ओपी रजक एवं विकास मथारू ने एसोसिएशन की तरफ से बात रखते हुए कहा कि सात माह के अल्प समय में प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। साथ ही प्रदेश में भाजपा का श्रेष्ठ प्रदर्शन मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। वहीं बोरई औद्योगिक व्यापारी संघ ने मुख्यमंत्री को बोरई आने का निमंत्रण दिया जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर निकट भविष्य में आने की बात कही। बोरई औद्योगिक संघ द्वारा रखी गई समस्त मांगो को मुख्यमंत्री ने संज्ञान में लेते हुए इनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की बात कही और अंत में बोरई औद्योगिक क्षेत्र संघ की तरफ से श्री प्लस पेंट के डायरेक्टर संजय मिश्रा ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 25 जून 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129



*फॉरेंसिक साइंस का उपयोग मुख्य रूप से अपराध के मामलों को सुलझाने में किया जाता है, लेकिन अब एस्ट्रोनॉमी, जियोलॉजी, आर्कियोलॉजी जेसे क्षेत्रों में भी इसका इस्तेमाल बढ़ रहा है। अपराध की जगह से सबूत जुटाने से लेकर पृथ्वी के नीचे होने वाली गतिविधियों के अध्ययन में यह सहायक है। इसके लिए इसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और मेडिकल साइंस की मदद ली जाती है। अलग-अलग क्षेत्रों में बढ़ते इस्तेमाल के चलते फॉरेंसिक साइंस छात्रों के लिए करियर का एक बेहतर विकल्प है। हालांकि, इस फील्ड में बेहतर करियर के लिए स्पेशलाइजेशन जरूरी होता है क्योंकि अलग-अलग स्ट्रीम में नौकरी मिलने की संभावना और पैकेज अलग-अलग होता है।*

● सरकारी एजेंसियों में डिमांड, घासीदास सेंट्रल और चार प्राइवेट यूनिवर्सिटी में भी कोर्स

# फॉरेंसिक में यूथ के लिए स्कोप, छग में हर साल 200 से ज्यादा साइंटिस्ट हो रहे तैयार

**भिलाई।** फॉरेंसिक साइंस तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकारी और निजी क्षेत्रों के रिसर्च (अनुसंधान) केंद्रों में कुशल और पेशेवर लोगों की आवश्यक है। इसके कारण फॉरेंसिक साइंस पिछले कुछ सालों में युवाओं के लिए करियर बनाने में बेहतर विकल्प बनकर उभरा है। इसमें साइंस विषय के साथ 12वीं पास कर बीएससी की डिग्री ली जा सकती है। यह तीन साल का कोर्स होता है, जिसे छह सेमेस्टर में बांटा गया है। इस कोर्स में अपराध विज्ञान और कानून दोनों की शिक्षा दी जाती है। इसमें जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, और कई अन्य विषय भी शामिल होते हैं। इस कोर्स में छात्रों को अपराध, अपराध स्थल जांच तकनीक, साक्ष्य संग्रह और प्रयोगशाला तकनीक के बारे में सिखाया जाता है। साथ ही, अपराधों की जांच के लिए वैज्ञानिक सिद्धांतों और कानून के एक साथ इस्तेमाल पर भी ज़ोर दिया जाता है। इस कोर्स के दौरान, छात्रों को घटनास्थल से जुड़े नमूनों की जांच करके अपराधी की पहचान करने का भी हुनर सिखाया जाता है। वर्तमान में यह पाठ्यक्रम घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में उपलब्ध हैं, जहां 35 सीटें हैं। इसके अलावा पीजी और पीएचडी की मिलाकर कुल 80 सीटों पर पढ़ाई कराई जा रही है। इसके अलावा मा‌ट्स (MATS), कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर, भारती विश्वविद्यालय दुर्ग, अंजनेया यूनिवर्सिटी रायपुर में भी फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई के कोर्स उपलब्ध है। इस प्रकार प्रतिवर्ष 200 साइंटिस्ट बनकर तैयार हो रहे हैं। इनके पास बीएससी के साथ ही नौकरी के विकल्प है। सरकारी एजेंसियों में लैब साइंटिस्ट से लेकर अन्य पदों पर ज्वाइन भी हो रहे हैं। इसके बाद भी डिमांड बनी हुई है।



### बीएससी फॉरेंसिक साइंस के पाठ्यक्रम

बीएससी फॉरेंसिक साइंस में मुख्य रूप से भौतिकी, अपराध और समाज, नृविज्ञान, फॉरेन्सिक मनोविज्ञान, आपराधिक कानून, वनस्पति विज्ञान, जनरेटिव एआई के पाठ्यक्रम हैं। 3 साल की स्नातक डिग्री जो आपराधिक विज्ञान और कानून दोनों में शिक्षा देती है। इन मॉड्यूल का अध्ययन करने से साक्ष्य संग्रह, विश्लेषण और प्रस्तुति में कौशल विकसित करने में मदद मिलती है।

### बीएसपी के बाद आप ये कोर्स भी कर सकते हैं

एमएससी फॉरेंसिक साइंस, बॉयोलॉजी, रसायन विज्ञान, क्रिमिनोलॉजी, टॉक्सिकोलॉजी, सिरोलॉजी, बैलिस्टिक, मनोविज्ञान विषय शामिल हैं। इसके अलावा फॉरेंसिक साइंस में पीजी डिप्लोमा और आगे चलकर इन्हीं विषयों में पीएचडी भी कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ में पीएचजी घासीदास विश्वविद्यालय में उपलब्ध है। वर्तमान समय में स्टूडेंट्स में क्रिमिलॉजी और बैलिस्टिक साइंस में ज्यादा रूचि है।

### एक्सपर्ट्स का कहना, मेडिकल और लॉ के छात्रों के लिए ज्यादा आसान

फॉरेंसिक साइंस के कोर्स का एक बड़ा हिस्सा मेडिकल साइंस से संबंधित होता है, जबकि अपराधों की खोज में कानूनी प्रक्रियाओं का ज्ञान जरूरी होता है। इसलिए इस फील्ड में मेडिसिन या लॉ की डिग्री ले चुके छात्रों के लिए करियर बनाना आसान होता है। ऐसे छात्रों को प्राइवेट कंपनियों में ज्यादा पैकेज पर नियुक्त किया जाता है और करियर ग्रोथ के मौके भी ज्यादा होते हैं। हालांकि, 10 से 15 प्रतिशत छात्रों को ही ऐसी नौकरी मिल पाती है।

### फॉरेंसिक साइंस में स्टूडेंट्स का रुझान बढ़ा, स्कोप भी बेहतर

घासीदासी विश्वविद्यालय बिलासपुर में फॉरेंसिक डिपार्टमेंट में सहायक प्राध्यापक ने बताया कि फॉरेंसिक साइंस में स्टूडेंट्स का रुझान बढ़ रहा है। इसमें स्टूडेंट्स के पास बेहतर विकल्प हैं। इस समय में सेंट्रल यूनिवर्सिटी में छत्तीसगढ़ में एक मात्र घासीदासी विश्वविद्यालय में ही कोर्स उपलब्ध है। इसके अलावा चार प्राइवेट यूनिवर्सिटी कोर्स करा रही हैं। स्टूडेंट्स के लिए करियर बनाने का यह बहुत अच्छा माध्यम है। जानकारी के अभाव में कुछ लोगों को इसकी जानकारी नहीं हो पाती थी, अब ऐसा नहीं है। देश में कई बड़ी यूनिवर्सिटी में भी इसमें डिप्लोमा, डिग्री और पीएचडी कोर्स उपलब्ध हैं। नौकरी की भी अपार संभावनाएं हैं। साइंस और लॉ में रूचि रखने वाले छात्रों के लिए यह बेहतर विकल्प है।

### इन सरकारी विभागों में नौकरियों का विकल्प

**विभाग - पदनाम**

फॉरेंसिक विज्ञान महानिदेशालय (गृह मंत्रालय केंद्र सरकार)- फॉरेंसिक सलाहकार
नेशनल क्राइम एंड साइंस एंड फॉरेंसिक साइंस संस्थान – फॉरेंसिक अन्वेषक
इंटेलिजेंस ब्यूरो गृह मंत्रालय दिल्ली – केंद्रीय खुफिया अधिकारी
केंद्रीय विज्ञान प्रयोगशाला – प्रयोगशाला सहायक
सीबीआई - मुख्य सूचना अधिकारी
पुलिस विभाग – फॉरेंसिक लैब साइंटिस्ट
एजुकेशन डिपार्टमेंट - प्राध्यापक और एचओडी
राज्य शासन के जांच से जुड़े विभाग – फॉरेंसिक अन्वेषक, ऑडिटर, सलाहकार
निजी संस्थाएं (कॉलेज, यूनिवर्सिटी, निजी कंपनियों और फर्में) – फॉरेंसिक अन्वेषक, साइंटिस्ट)

*(नोट-इन पदों पर सैलरी साल की 3.50 लाख से 10 लाख रुपए तक हो सकती है)*



## लाइव इवेंट

### सितार व तबले की थाप की जुगलबंदी, मंत्रमुग्ध हुए दर्शक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वावधान में क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में विश्व संगीत दिवस पर शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया। शास्त्रीय संगीत संध्या में मुंबई से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सितार वादक नीलाद्री कुमार और कोलकाता से तबला वादक रूपक भट्टाचार्य ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता उनकी पत्नी अध्यक्ष (भिलाई महिला समाज) त्रिपर्णा दासगुप्ता एवं निदेशक (आईआईएम रायपुर) राम कुमार काकानी अपनी पत्नी के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में नीलाद्रि कुमार और रूपक भट्टाचार्य को विशेष अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इनकी विविध बानगियों की प्रस्तुतियों का आनंद लेने के लिए ऑडिटोरियम संगीत प्रेमियों की भारी भीड़ से भरा हुआ था। सितार सम्राट नीलाद्री कुमार ने अपने सितार की झंकार से बेहद चर्चित धुन और राग–रागिनियों को सम्मोहक अंदाज में प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। शुरुआत शाम के राग तिलक कामोद तथा राग–तोड़ी के गायन से हुई। नीलाद्रि कुमार ने भी जिटार पर मधुर प्रस्तुति दी। नीलाद्रि कुमार ने वाद्य संगीत में सालों के प्रयोगों के बाद एक अद्वितीय फ्यूजन वाद्य जिटार का आविष्कार करके हिंदुस्तानी शास्त्रीय और पश्चिमी संगीत के मिश्रण को प्रचलन में लाया है। भारतीय शास्त्रीय तार वाद्य सितार और पश्चिमी तार वाद्य गिटार का संयोजन है। उनकी प्रस्तुतियों को देश–विदेश में भी संगीत मर्मज्ञों द्वारा सराहा जाता है। इस अवसर पर बीएसपी अधिकारी अंजनी कुमार उनकी पत्नी उपाध्यक्ष (बीएमएस) नीरजा कुमारी सिंह, एस मुखोपाध्याय उनकी पत्नी अतिरिक्त उपाध्यक्ष (बीएमएस) प्रणति मुखोपाध्याय, पवन कुमार कार्यपालक निदेशक (माइंस), बीके गिरी उनकी पत्नी स्मिता गिरी, डॉ. एम रविन्द्रनाथ , संजय धर, सत्यसिबा दास, वर्षा ममिडी सहित अन्य मौजूद थे।

■ कला मंदिर सिविक सेंटर में भजन संध्या का आयोजन

## सिटी इवेंट

### गोकुल नगर पुलगांव में मनाया गया कबीर प्राकट्य महोत्सव



**भिलाई।** सतगुरु कबीर साहेब समिति के तत्वावधान में कबीरधाम गोकुल नगर पुलगांव दुर्ग में कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ध्वजारोहण तथा कबीर साहेब की तैलचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात सभी आमंत्रित सत गणों एवं अतिथियों के प्रति स्वागत भाषण समिति के अध्यक्ष लेख राम साहू ने किया। मुख्य प्रवक्ता संत सोहंग शास्त्रीय साहब ने कहा कि कबीर साहब किसी माता के गर्भ से पैदा नहीं हुई, बल्कि इस धरा पर अवतरित हुए हैं। उनका प्राकट्य दिवस प्रतिवर्ष वैशाख पूर्णिमा से ज्येष्ठ पूर्णिमा तक पूरी भारत वर्ष में मनाया जाता है। पर्यावरण के प्रति संदेह देते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण के लिए खाली स्थान पर पेड़ अवश्य लगाएं। साथ ही उसकी देखभाल करना ही जरूरी है, तभी वृक्षारोपण सार्थक होगा। परम सत्य परमात्मा की अनुभूति के लिए उनके साथ अपने आप को आत्मसात करना होगा । संत पूर्णेन्द्र साहब ने कहा कि कबीर साहब इस धरा धाम में 600 वर्ष पूर्व समाज को सत्य का मार्गदर्शन करने के लिए अवतरित हुए।

■ कबीरधाम के विकास के लिए मेयर ने की 5 लाख की घोषणा

### मानवता और प्रकृति की सेवा जरूरी

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि मानवता और प्रकृति की सेवा से ही जीवन सुंदर और सफल बन सकता है । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू ने की। उन्होंने कहा कि हमारा मन पानी से भी पतला और वायु की गति से भी तेज है। जिसे हम नियंत्रित कर अपना मित्र बना ले तो परम उद्देश्य की प्राप्ति सहजता से हो सकती है । विशेष रूप से मौजूद दुर्ग निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल ने समिति की मांग पर 5 लाख रुपए कबीरधाम के विकास के लिए अनुदान की घोषणा की। उन्होंने कहा कि समझ में परस्पर सद्भावना एवं प्रेम की कमी हो रही है। अतः हमें कबीर के उपदेशों को आत्मसात करने की आवश्यकता है । कार्यक्रम में बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, संत निकट निकटेश्वर साहब साध्वी, सुप्रिया साहब, शगुन साहब, शांति साहब, सुमरन साहब, कुमार साहब, कल्याण साहब आदि ने विचार व्यक्त किए।

### महंत डेरहा साहब ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी

महंत डेरहा साहब ने इस अवसर पर सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी । इस अवसर पर समिति के प्रमुख सलाहकार रमेश साहू, लखन लाल, विक्रम साहू ,पार्षद पति अश्वनी निषाद, आदिल किरण, ललित आदिल, सतीश साहू, गिरधर गोपाल, डॉ. डीआर साहू, डॉ. टीकम, डॉ. एमके साहू, चंद्रहास साहू, संतोष गोड, नामदास साहू, केआर कुल्हाड़ी, संत कुमार, खेम दास, चंद्रशेखर, सीता देवी, नरेश प्रीतम, तीर्थ रामाधार, हर्ष देव, विद्या देवी साहू, कुमारी माधवपुरी, कौशल्या देवांगन सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अनुरूप साहू ने किया। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. दीनदयाल साहू ने दी।

## 1700 यूनिट ब्लड किया कलेक्ट, करेंगे मदद

**भिलाई।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के 62 वें जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 20 से 24 जून तक आयोजित शिविर में 1700 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, भाटापारा और दुर्ग जिले में शिविर लगाकर ब्लड कलेक्ट किया गया। इन सभी जगहों पर अदाणी ग्रुप की परियोजनाएं चल रही हैं। संस्था के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस दौरान रक्तदान किया। छत्तीसगढ़ में अदाणी समूह के अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज के सरगुजा में 250 यूनिट रक्तदान के साथ साथ 25000 से ज्यादा स्थानीय प्रजाति के पौधों को भी रोपित किए गए। रायगढ़ के गारेपेल्मा-3 परियोजना में 100 यूनिट ज्यादा रक्तदान किया गया। इसके अलावा अदाणी पॉवर लिमिटेड के रायपुर में 500 यूनिट और रायगढ़ में 300 यूनिट से अधिक, अदाणी सीमेंट लिमिटेड के अंबुजा सीमेंट, भाटापारा में 230 यूनिट और एसीसी सीमेंट जामुल में 300 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी और स्थानीय सरकारी अस्पतालों के सहयोग से शिविर लगाए गए। इसके अलावा वृद्धाश्रम में राशन आटा, चावल, दाल, शक्कर, रिफाइंड तेल, एलईडी बल्ब इत्यादि का वितरण किया गया। अदाणी समूह के द्वारा प्रदेश में अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से सामाजिक सहभागिता हेतु समुदायों के साथ मिलकर विभिन्न सरकारों के कार्य संचालित किया जा रहा है। जिससे ग्रामों में विकास और समृद्धि के नए द्वार खुले हैं।



## ग्रामीण महिलाओं ने जानी नेचुरल फॉर्मिंग

**भिलाई।** पाटन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत 51 कृषि सखी दीदियां तैयार की गई हैं। उन्हें खेती से जुड़ने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नेचुरल फॉर्मिंग पर पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषि सखी दीदियों को सॉइल हेल्थ मैनजमेंट, न्यूट्रिएंट्स मैनेजमेंट, वाटर मैनेजमेंट, सीड मैनेजमेंट, मल्चिंग सहित अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी दी गई। ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतिम दिन प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने मूल्यांकन प्रक्रिया में योगदान दिया। इसके लिए मूल्यांकन, फीडबैक और चर्चा का सत्र आयोजित किया गया। इसमें 29 प्रतिभागी प्राकृतिक खेती पद्धतियों के लिए प्रमाणित होने के लिए सलेक्ट हुईं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुंतल मुखर्जी, अमित द्विवेदी, टोमन राज चतुर्वेदी, सुंदर श्याम वर्मा आदि मौजूद थे।



ब्रह्माकुमारी संचालिका ओम राधे की पुण्य तिथि पर बघेरा में कार्यक्रम

## हर घड़ी, अंतिम घड़ी सोचकर यदि हम कर्म करें तो हमेशा अच्छे कर्म होंगेः रीटा बहन

कॉर्नर न्यूज



**भिलाई। हर घड़ी हमारी अंतिम घड़ी है... यह स्मृति रहने से हमारे कर्म सदैव श्रेष्ठ होंगे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बघेरा आनंद सरोवर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उक्त बातें कही गईं। ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम संचालिका ओम राधे जिसे सभी ब्रह्मावत्स जगदंबा और मम्मा के नाम से संबोधित किया जाता था। उनकी पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



### शहर के अन्य जगहों पर भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

इसमें केलाबाड़ी, आर्य नगर, सिंधिया नगर और ग्रामीण अंचलों से अनेक सेवा केन्द्रों के भाई-बहनें इस आयोजन में उपस्थित हुए। सभी ने उस महान विभूति को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विशेष योग तपस्या का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा बहन ने जगदंबा सरस्वती के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निराकार परमपिता परमात्मा शिव ने इस साकार सृष्टि पर प्रजापिता ब्रह्मा के तन में दिव्य अवतरण होकर जो ज्ञान दिया उसे संपूर्ण रूप से आत्मसात कर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने का प्रथम सौभाग्य मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती को जाता है। उनकी मुख्य शिक्षा यही रही कि हर घड़ी अपनी अंतिम घड़ी समझकर हम हर कर्म करेंगे तो हमारा कर्मों के प्रति ध्यान रहेगा। हमारे कर्म श्रेष्ठ और सुखदाई होंगे।

### संसार कर्मक्षेत्र, कैसा बीज बोएं यह हमें परमात्मा सिखा रहे

हम सबको मुख्य शिक्षा यह मिली हुई है कि यह संसार कर्मक्षेत्र है, इस कर्मक्षेत्र में कर्मों से बीज बोना है। जो कर्म हम करते हैं उसका फल अवश्य हमें मिलता ही है। परमात्मा पिता हमें कर्मों का बीज किस प्रकार बोए उसकी विधि सिखा रहे हैं। जैसे खेती करना सिखाते हैं कि कैसे बीज डालो, कैसे उसकी सम्भाल करो, उसका भी प्रशिक्षण देते हैं। तो परमात्मा आ करके हमें कर्मों को कैसे श्रेष्ठ बनायें उसकी शिक्षा भी दे रहे हैं और विधि भी सिखा रहे हैं कि अपने कर्मों को ऊंच बनाओ, अच्छे बीज डालो।

### अच्छे कर्म के लिए अच्छा फल मिलेगा

रीटा बहन ने कहा कि अच्छे कर्म करो तो फल अच्छा मिलेगा। जब कर्म अच्छा होगा फिर जो बोयेंगे उसका फल अच्छा मिलेगा। अगर कर्म रूपी बीज में ताकत नहीं होगी, कर्म बुरे बोयेंगे तो फल क्या मिलेगा? तो अपने कर्मों का जो बीज है, वह अच्छा बनाओ और फिर अच्छा बोना सीखो। तो यह सभी चीज़ों को समझ करके अभी अपना पुरुषार्थ करो। उन्होंने कहा कि मनुष्य को हमेशा सतमार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। अच्छे विचार मन में लाने चाहिए। यह हमारे भविष्य को उज्ज्वल बनाएगा।

## सिटी इवेंट

# विदाई की घड़ी में सेवाकाल याद कर भावुक हुए कर्मी



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मई और उसके पूर्व सेवानिवृत हुए भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों को विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शॉल-श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। स्वागत भाषण देते हुए बृजबिहारी मिश्र ने कहा कि सभी वरिष्ठ कर्मी हमेशा सोसाइटी के परिवार का हिस्सा रहेंगे और इनका बीएसपी व हमारी सोसाइटी के प्रति योगदान हमेशा रेखांकित होता रहेगा।

- इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन

इन रिटायर कर्मियों में कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से प्रद्युम्न सिंह, मंतराम, अभय वसंत विभूति, मोहम्मद अय्यूब, देव प्रसाद साहू, देवधर साईं, एचपी टंडन, प्लांट गैरेज से एसके आजीबुन, एम.रामाराव, राजेंद्र प्रसाद, बहल सिंह, हरीश चंद्र सिंह, संतोष कुमार, मदीना अली, राजीव माहुले, पीके नामदेव, अनिल कुमार अवस्थी, कुंदन लाल, बीएनवी कृष्णा, एसके केशकर, लोकेश कुमार, महेश प्रसाद, संजय कुमार मिश्रा, एबीसंत कालाचूर, सरोज सिंह, सत्यनारायण, टिकेंद्र कुमार वर्मा, अरूण कुमार तिवारी, आर राजू, अवधबीन मोहन लहरी, मोहम्मद कुट्टी, भारती श्रीवास्तव और सीताराम शामिल हैं।

कार्यक्रम को रिटायर कर्मियों में एसके केशकर, संजय कुमार मिश्रा, हरिश्चंद सिंह और अरुण कुमार तिवारी ने भी संबोधित किया और सम्मान के प्रति आभार जताते हुए अपना सेवाकाल याद किया। इस दौरान सोसाइटी के पदाधिकारियों में धनंजय चतुर्वेदी भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम मुरलीधर ने और आभार जेके गहिने ने किया।

● मौजूदा समय में यह तकनीक होगी महंगी, आने वाले समय में आम लोगों तक पहुंच बना लेगी

# अब महीनों नहीं घंटों में बनकर तैयार हो जाएगा घर 3डी प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी की मदद से अब यह संभव

**भिलाई।** कैसा हो अगर आप अपनी पसंद के घर का डिजाइन चुनें और वह केवल 24 घंटे में बनकर तैयार हो जाए। सुनने में यह बात भले ही किसी जादू से कम ना लगे, लेकिन 3डी प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी की मदद से अब यह संभव है। अभी तक घरों, दफ्तरों और बड़ी-बड़ी इमारतों को बनाने में ढ़ेरों मजदूर और मिस्त्रियों को रेत, बालू और सीमेंट से जुड़ाई, ढलाई करते हुए देखा करते थे, लेकिन नई तकनीक की थ्रीडी प्रिंटिंग में घर का नक्शा मात्र डालते ही यह कांक्रीट की मदद से पूरा घर तैयार कर देगी।

निर्माण कार्यों के तकनीक के सहारे बदलाव की यह जानकारी मुंबई के प्रसिद्ध सुचितन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर सुरेंद्र मिश्रा ने दी। वे सोमवार को भिलाई के रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज आर-1 में सिविल विभाग में कराए गए वर्कशॉप में बतौर एक्सपर्ट शामिल हुए। उन्होंने बताया कि एक 6 सौ स्क्वैयर फीट के घर को बनाने में थ्रीडी प्रिंटिग तकनीक महज 48 घंटे ही लेगी। मशीन में कांक्रीट की क्वालिटी, घर का डिजाइन जैसी जानकारियां डालने के बाद मशीन कांक्रीट की लेयर्स तैयार करते हुए दीवारे बनाएगी, इसके बाद उसी उच्च कोटी के कांक्रीट से घर की छत भी करके दे देगी। हालांकि मौजूदा समय के हिसाब से यह तकनीक अभी महंगी होगी, मगर कुछ वर्षों में यह आम लोगों तक पहुंच बना लेगी।

### सिविल के क्षेत्र में कॅरियर ऑप्च्यूनिटी इन कंस्ट्रक्शन एंड इनोवेशन एप्रोच पर विमर्श किया

### रूंगटा आर-1 कॉलेज के सिविल डिपार्टमेंट में हुआ सेमीनार







### स्मार्ट होम का चलन बढ़ा

इस वर्कशॉप में सिविल के क्षेत्र में कॅरियर ऑप्च्यूनिटी इन कंस्ट्रक्शन एंड इनोवेशन एप्रोच पर विमर्श किया गया। एक्सपर्ट ने बताया कि सिर्फ भवन निर्माण तक सिविल सीमित नहीं है, बल्कि मौजूदा दौर में स्मार्ट होम और आईओटी बेस्ड घरों के लिए भी सिविल इंजीनियर्स की खूब पूछपरख है। यही नहीं घरों को सिक्योर बनाने के लिए भी सिविल इंजीनियर्स काम कर रहे हैं। यह वर्कशॉप सिविल डिपार्टमेंट के फैकल्टी कॉर्डिनेटर डॉ. फरहान खान, को-कॉर्डिनेटर प्रो. मेघल देवांगन और प्रो. आनंद कुंभारे के सहयोग से कराया गया। एचओडी जयंत सुपे का विशेष योगदान रहा।

### नए जमाने के टेक सिविल इंजीनियर्स,

सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि सिविल ब्रांच हमेशा से ही युवाओं का पसंदीदा ब्रांच रहा है। बीते कुछ वर्षों में इसमें रुझान की कमी जरूर आई, लेकिन मौजूदा दौर में स्किल्ड सिविल इंजीनियर्स को उनकी कंपनी के साथ तमाम कंपनियां मोटे पैकेज पर हायर कर रही है। मैट्रो सिटीज से लेकर सेमी शहरों तक सभी जगह सिविल इंजीनियर्स की डिमांड में इजाफा हुआ है। खासकर टीयर-1 के शहरों में इनको बड़े ऑफर्स भी दिए जा रहे हैं। यह ऑफर्स उन सिविल छात्रों के लिए है, जिनको इंटरनेट बेस्ड बिल्डिंग इंफोर्मेशन सिस्टम बीआईएस एवं रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन बेस्ड कंस्ट्रक्शंस की जानकारी है। आईओटी बेस्ड निर्माण में महारत रखने वाले सिविल इंजीनियर्स को विदेशों में वेतन के साथ कई सुविधाओं के साथ हायर किया जा रहा है।

## उपलब्धि

# एक ही परिवार में सभी पांच भाई-बहन एमबीबीएस, सम्मान



**भिलाई।** सेक्टर-5 निवासी भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी के.कृष्ण मूर्ति व के. तुलसी की तीन बेटियों और दो बेटों का एमबीबीएस में जनरल कैटेगरी में फ्री सीट हासिल कर पढ़ाई कर रहे है। इन होनहार भाइयों-बहनों की उपलब्धि पर तेलुगू समाज की ओर से इंडियन नेशनल मेटल वर्कर्स फेडरेशन के सचिव एवं भिलाई इस्पात संयंत्र, इंटक के पूर्व उप महासचिव एन.एन.राव ने बच्चों के माता-पिता को सम्मानित किया।

- समाज ने किया सम्मान

आन्ध्र प्रदेश, श्रीकाकुलम जिला, श्रीकर्रीवानी पालेम ग्राम के मूल निवासी मूर्ति दंपति की दोनों बड़ी बेटियां सुप्रिया व सोनल एमडी की डिग्री हासिल कर चुकी है और तीसरी बेटी स्तुति एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर बन चुकी है। वहीं मूर्ति दंपति का चौथा बेटा शुभम एमबीबीएस के तृतीय वर्ष और पांचवा बेटा शिवम एमबीबीएस के प्रथम वर्ष की पढ़ाई छत्तीसगढ़ शासन के मेडिकल कॉलेज में कर रहे हैं। पूरे परिवार में एमबीबीएस कर मेडिकल में सेवाएं देने पर तेलुगु समाज में हर्ष व्याप्त है। एन.एन.राव द्वारा समाज के गरीब अथवा प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करने उनका सम्मान कर उनकी मदद करते हैं। मूर्ति दंपति के बच्चों को सम्मानित करने के दौरान डॉ चिरंजीवी, डॉ जम्पाल वेंकटराव (दो बच्चे डॉक्टर), भवानी, डॉ ज्योति, शिव कुमार, कामेश्वरी, चिरंजीव, डॉ वेंकटेश, श्रीनिवास और जी.पी. हल्दकार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स

# मार्शल आर्ट्स खिलाड़ियों की स्टैमिना व टेक्निक को परखकर दिया कलर बेल्ट



**भिलाई।** मार्शल आर्ट्स की संस्था कारा कु-जू-बो-काई-कॉन फुल कॉन्टैक्ट कराते द्वारा कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, हाउसिंग बोर्ड भिलाई में किया गया। संस्था के डायरेक्टर सेंसाई गिरीराव के मार्गदर्शन में सीनियर परीक्षक रामकुमार पाण्डेय, भरत साहू, लक्ष्मी तिवारी एवं सहायक परीक्षक दीपेश आहूजा, अनुज दहाते, काजल बेहेरा एवं साक्षी साहू की देखरेख में संपन्न हुआ। इस ग्रेडिंग परीक्षा में मुख्य रूप से खिलाड़ियों का स्टैमिना, बॉडी कंडीशनिंग, काता, कुमिते, एटीकांस एवं फुल कॉन्टैक्ट फाइट की पावर और टेक्निक को परखा गया। अंत में सभी सफल छात्र-छात्राओं को संस्था के डायरेक्टर द्वारा प्रमाण-पत्र और बेल्ट प्रदान किया गया।

**यह रहे ग्रेडिंग परीक्षा के सफल:** ग्रेडिंग परीक्षा के सफल छात्र-छात्राओं में डार्क ग्रीन बेल्ट में प्रथम तृप्ति साहू, जी श्रीहर्ष, गीतेंद्र डहरिया, द्वितीय खुशी तिवारी, हिमांश छिब्बर, अविनाश कुमार, ओजस चौहान, महक फातिमा, राज आर्यन एवं तृतीय अद्धितीय द्विवेदी, पीहू लांजेवार, आन्या राज, तेजस राज, दीपांश डहरिया, वी काव्यांश, वाय अधृत मूर्ति, देवेश कुमार, यलो बेल्ट में प्रथम तृषा जैन, रूही शर्मा, द्वीतीय तरनवीर सिंह, लक्ष्य ढांगले, काव्यांश देवांगन, कृष्णेंदु एस आर, पूर्णेंदु एस आर, समर चौहान, जानवी चौहान, डार्क ब्लू बेल्ट प्रथम दक्ष नाग, द्वितीय एम प्रथमेश, अविष मनरल, पाखी अग्रवाल, गौरव कुमार, निशिता भगत, कश्वी सूरी, कविश सूरी, सोहम जोशी, कृतिका यादव, अथर्व घिके, ऑरेंज बेल्ट हर्षिता सिंह, पूर्वी, रिद्धि को दिया गया।

## केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में हुआ आयोजन

# योग से शरीर रहता है स्वस्थ




**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कराया गया। 40 वर्षों से योग का अनुभव रखने वाले प्रकाश योगेश ने योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर योग के विभिन्न आसन, प्राणायाम के लाभ बताए गए। बच्चों को प्राणायाम एवं आसनों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अजय आर्य एवं सुरेश कुमार ने किया।

दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभी छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा करो योग रहो निरोग। अगर आप अपने जीवन में अपने दिन की शुरुआत योग से करेंगे, तो पूरा दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरे रहेंगे। । प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने बच्चों के साथ योगाभ्यास किया और कहा योग करने से शरीर लचीला एवं पुष्ट बनता है।

**दिन की शुरुआत योग से करें, रहेंगे निरोग, महापौर ने बच्चों के साथ किया योग**

सामूहिक योग अभ्यास में पुष्पा बड़ा, कमल सोनी, संजीव भदोरिया सुरेश कुमार सत्य गायत्री बिंदु शिवराजन, उषा शर्मा राहत तसनीम आशुतोष सिंह सतीश धीवर सहित सैकड़ो छात्रों एवं अभिभावकों ने भाग लिया ।

## कार्यक्रम

# लायन क्लब ऑफ़ इंटरनेशनल दुर्ग सिटी की अध्यक्ष बनी सुमन

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय संगठन लायंस क्लब ऑफ़ इंटरनेशनल 2024-25 के लिए लायन क्लब ऑफ़ इंटरनेशनल दुर्ग सिटी का अध्यक्ष सुमन पांडे को बनाया गया है। बुधवार की शाम सागर होटल दुर्ग में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शपथ अधिकारी विजय अग्रवाल, राजेश जैन, ललित भंसाली, सत्य रंजन भट्टाचार्य के आतिथ्य में किया जाएगा। सुमन पांडे को समाज शास्त्र में स्नातकोत्तर व सामाजिक क्षेत्र में किए गए सेवाओं को देखते हुए उन्हें अध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले भी लायंस क्लब की सचिव, अध्यक्ष, एरिया आफिसर, जिला सहसचिव, डिस्ट्रीक सचिव, मल्टीपल में भी सचिव के पदों पर रहकर उन्होंने सेवा कार्य किया है। जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ लायन व सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष सहित अन्य पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।



- कल होगा शपथ ग्रहण समारोह

## फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड में प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# राजभाषा समिति निरीक्षण प्रश्नावली विषय व संवैधानिक प्रावधानों की दी गई जानकारी

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय भिलाई द्वारा हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट कैसे भरें विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम महाप्रबधंक पंकज त्यागी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा राजभाषा भोपाल मुख्य प्रबंधक चंदन कुमार वर्मा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पंकज त्यागी ने अपने उद्बोदन में कहा कि संसदीय राजभाषा समिति राजभाषा के क्षेत्र में एक सर्वोच्च अधिकार प्राप्त समिति है। यह समिति केन्द्र सरकार के अधीन आने वाले सभी संस्थानों का समय-समय पर निरीक्षण करती है और राष्ट्रपति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। श्री पंकज ने आगे कहा कि भारत में राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा (4) के तहत गठित की गई एक प्रमुख समिति है। यह समिति हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित स्थिति की समीक्षा करते हुए समिति अपना प्रतिवेदन सिफारिशों सहित राष्ट्रपति को प्रस्तुत करती है।



### प्रश्नों पर बारीकी से दी जानकारी

राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी ने राजभाषा संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी प्रस्तुत करते हुए संसदीय राजभाषा समिति निरीक्षण प्रश्नावली के विभिन्न प्रश्नों पर बारीकी से जानकारी दी। प्रशिक्षण अधिकारी चंदन कुमार वर्मा ने संसदीय राजभाषा समिति निरीक्षण प्रश्नावली कैसे भरें विषय पर सारगर्भित एवं भावपूर्ण संसूचनाओं से परिपूर्ण जानकारी प्रदान की।

### प्रशिक्षण में लिया भाग

एफएसएनएल के निगमन कार्यालय से प्रशिक्षण कार्यक्रम में मनीष कुमार ठाकुर, बीएसएस श्रीनिवास, लता अनिल, शिल्पी दास, एन भावना, निशांत अग्रवाल, अंशु मिश्रा, ओम प्रकाश सिंह, रेणुका यादव सहित भिलाई, बोकारो, नगरनार, राउरकेला, दुर्गापुर, बर्नपुर, विशाखापट्टनम इकाई के इकाई प्रमुख, कार्मिक एवं प्रशासन प्रमुखों एवं राजभाषा समन्वय अधिकारियों ने ऑनलाईन भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन छगन लाल नागवंशी ने किया।

सिटी स्पोर्ट्स

## श्रेयांस को हराकर संत ज्ञानेश्वर के ओम बसक बने बैडमिंटन के विजेता



रायपुर। बैडमिंटन चैंपियनशिप के अंडर 19 वर्ग में महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल (एसडीवी) के छात्र ओम बसक ने अपने प्रतिद्वंदी श्रेयांश पाठक को 15-21, 21-13, 21-17 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं, अंडर-19 बालिका वर्ग में इशिका पोद्दार ने रोमांचक मुकाबले में तिष्या मुक्ता को हराया। विजेता खिलाड़ियों को ऑल इंडिया बैडमिंटन फेडरेशन के सचिव व जूनियर इंडिया कोच संजय मिश्रा ने पुरस्कृत किया।

जिला बैडमिंटन संघ की ओर से नगर निगम के सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल में आयोजित जूनियर व सब जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा का फाइनल रविवार को खेला गया। जिला संघ के सचिव अनुराग दीक्षित ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का बिलासपुर में 24 से 28 जुलाई तक होने वाली राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम में चयन किया गया है। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को 21 हजार रुपए की पुरस्कार राशि और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया है।

एसडीवी के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि ओम बसक पिछले पांच वर्षों से विभिन्न नेशनल प्रतियोगिता में भी भाग लेते रहे हैं और विजयी भी हुए है। स्कूल में कई ऐसे छात्र हैं, जो विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा पहले भी दिखा चुके हैं, वहीं कई अच्छे खिलाड़ी स्कूल में अध्ययनरत हैं, जिन्हें खेलकूद में गाइड किया जाता है।

ऊर्जावान बना सकते हैं और बीमारियों से भी बचा सकते हैं

# मानसून में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने से लिए खिलाएं पौष्टिक खाद्य पदार्थ

मानसून के आगमन से पहले स्वास्थ्य को मजबूत रखना जरूरी होता है। इस मौसम में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने लगती है, जिसके कारण उन्हें डेंगू, मलेरिया या फूड पॉइजनिंग जैसी बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे में बच्चों की डाइट में प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ शामिल करने से आप उन्हें ऊर्जावान बना सकते हैं और बीमारियों से बचा सकते हैं। इस मानसून में अपने बच्चों को ये प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ खिलाएं।



### पालक

पालक आयरन, विटामिन ए, सी और एंटीऑक्सीडेंट जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर एक सुपरफूड है। मानसून के मौसम में प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयरन स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन में सहायता करता है, जबकि विटामिन और एंटीऑक्सिडेंट शरीर को मुक्त कणों से बचाते हैं।

### खट्टे फल

आप मानसून के दौरान अपने बच्चों की देखभाल करने के लिए उन्हें खट्टे फल खिला सकते हैं। आप सुबह के नाश्ते में बच्चों को संतरे, चकोतरा, मोसंबी आदि जैसे सिट्रस फलों का सलाद बनाकर या जूस बनाकर सेवन कराएं। इन फलों को खाने से बच्चे का शरीर बीमारियों से लड़ने में अधिक सक्षम बनता है और सर्दी-जुखाम का खतरा भी कम हो जाता है।

### हल्दी वाला दूध

हल्दी वाला दूध एक बेहतरीन इम्यूनिटी बूस्टर है, जिसे गोल्डन मिल्क भी कहा जाता है। इसमें कई शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होता हैं, जिनके कारण इसके सेवन से बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सकता है। रात को सोने से पहले बच्चों को एक गिलास गरमा-गरम हल्दी वाला दूध पिलाएं। आप चाहें तो इसका स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें चीनी या शहद भी मिला सकते हैं।

### ताजे फल और दही

दही एक प्रोबायोटिक युक्त डेयरी उत्पाद है, जो आंत के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है। दही को पपीता, अनार और जामुन जैसे मौसमी फलों के साथ मिलाने से इसका पोषण मूल्य बढ़ जाता है। यह स्वादिष्ट मिश्रण मानसून के नमी भरे दिनों में पेट को ठंडा भी रखता है। आप चाहें तो दही में फलों के साथ-साथ अपनी पसंद के मेवे शामिल करके भी बच्चों को खिला सकते हैं।



### बादाम

विटामिन-ई से भरपूर बादाम एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। अपने बच्चों के खान-पान में रोजाना बादाम शामिल करने से उनकी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया मजबूत हो सकती है, जिससे उन्हें मानसून के ठंडे मौसम के दौरान आम बीमारियों से बचाने में मदद मिल सकती है।



## मानसून के मौसम में बनाएं हैवी खाद्य पदार्थों से दूरी, हो सकता है नुकसान

देश के कई हिस्सों में मानसून का आगमन हो चुका है। हालांकि, उत्तर भारत के कुछ क्षेत्र अभी भी भीषण गर्मी की चपेट में हैं। मानसून का मौसम शुरू होने से पहले आपको अपनी डाइट पर खास ध्यान देना चाहिए। बारिश के दौरान स्वस्थ रहने के लिए आपको कुछ खाद्य पदार्थों से दूरी बनानी चाहिए। मानसून में कुछ खाद्य पदार्थों को खाने से आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है और पेट संबंधी परेशानियां हो सकती हैं।

**पत्तेदार सब्जियां :** मानसून के दौरान आपको खान-पान में पत्तेदार सब्जियों को शामिल नहीं करना चाहिए। इस मौसम में पर्यावरण में नमी बढ़ जाती है, जिसके कारण पत्तेदार सब्जियों के दूषित होने का खतरा रहता है। ऐसे में आपको पत्तागोभी, पालक और धनिया जैसी सब्जियां नहीं खानी चाहिए। बारिश के दौरान इन सब्जियों में कीड़े भी लग सकते हैं, जिनसे आप बीमार पड़ सकते हैं। इन हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है।

**स्ट्रीट फूड :** बारिश के कारण पर्यावरण में कई सारे प्रदूषक तत्व जमा हो जाते हैं। सड़कों पर जमा पानी और खुली नालियां बैक्टीरिया और वायरस के लिए प्रजनन स्थल बन जाती हैं। ये हानिकारक बैक्टीरिया सड़क के किनारे बिकने वाले खाद्य पदार्थों में प्रवेश करके उन्हें दूषित कर सकते हैं। इस मौसम में आपको पकौड़े, समोसे, मोमो आदि जैसे स्ट्रीट फूड का सेवन नहीं करना चाहिए। अगर आप मानसून में बाहर का भोजन खाना चाहते हैं तो किसी स्वच्छ रेस्तरां में जाएं।



### पहले से कटे रखे हुए फल

इन दिनों पहले से कटे हुए फल बिकने लगे हैं। ये सुविधाजनक होते हैं, लेकिन लंबे समय से कटे होने के कारण इनका पोषण खत्म हो जाता है। रेहड़ी-पटरी वालों द्वारा बेचे जाने वाले पहले से कटे हुए फलों को ठीक से धोया या संग्रहीत नहीं किया जाता है। मानसून के कारण ये फल दूषित हो सकते हैं या जल्दी ही सड़ भी सकते हैं। आप बाजार से समूचे फल खरीदें और उन्हें अच्छी तरह साफ करके खुद ही काटें।

### दूध, दही, पनीर सहित अन्य डेयरी उत्पाद

नमी वाले मानसून के मौसम में दूध, दही और पनीर जैसे डेयरी उत्पाद जल्दी खराब हो सकते हैं। ऐसे में आप अच्छी दुकानों और ब्रांड द्वारा ताजे तैयार किए गए डेयरी उत्पादों का चयन करें। साथ ही पैकेट वाले डेयरी उत्पादों को खरीदने से पहले उनकी एक्सपायरी डेट जरूर जांच लें। दूध या दही को बहुत अधिक समय तक घर पर स्टोर करके न रखें, वरना वे खट्टे हो सकते हैं।

### तला हुआ खाना

पकोड़े, स्प्रिंग रोल और समोसे जैसे तले हुए खाद्य पदार्थ मानसून के दौरान लोकप्रिय स्नैक्स होते हैं। हालांकि, अधिक वसा होने के कारण इन्हें पचाना मुश्किल हो सकता है। इनके बजाए आपको मानसून के दौरान उबले हुए खाद्य पदार्थों का चुनाव करना चाहिए।

## इस सप्ताह इन राशियों पर मेहरबान रहेंगी मां लक्ष्मी

नए सप्ताह की शुरुआत आज 24 जून से होगी। यह सप्ताह अपने साथ बहुत कुछ लेकर आने वाला है। आने वाले सप्ताह में कई राशियों को ग्रहों के गोचर से बनने वाले शुभ योग का लाभ मिलेगा। आइए जानते आने वाले सप्ताह में किन राशियों को मां लक्ष्मी की कृपा मिलने वाली है।

### वृषभ राशि

आने वाला सप्ताह वृषभ राशि के लोगों के लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। इस सप्ताह इस राशि के लोगों पर मां लक्ष्मी मेहरबान रहेंगी। आपको मान-सम्मान का खूब लाभ मिलेगा। आपको ज्यादातर कार्यों में सफलता मिलेगी। कॅरियर के क्षेत्र में आप एक नई पहचान बनाएंगे। इस सप्ताह आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। आपके सारे अटके काम पूरे हो जाएंगे। इस सप्ताह कुछ लोग किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। इस सप्ताह इस राशि के लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है।



### सिंह राशि

सिंह राशि वालों के लिए यह सप्ताह बहुत अच्छा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग व्यापार से जुड़े हैं, उन्हें खूब लाभ होगा। आप कोई नई डील फाइनल कर सकते हैं। आपको दोस्तों और परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। पार्टनर के साथ आपके रिश्ते मजबूत बनेंगे। आने वाले सप्ताह में सिंह राशि के लोग करियर में कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं जिससे उन्हें खूब लाभ होगा। इस राशि के लोग अपनी नेतृत्व क्षमता की वजह से नौकरी में तरक्की करेंगे। आपको आय के नए स्त्रोत मिलेंगे।

### धनु राशि

साप्ताहिक राशिफल के अनुसार आने वाले सप्ताह में धनु राशि के लोग अपनी बुद्धिमानी और मेहनत का पूरा लाभ उठाएंगे। ऑफिस में लोग आपकी कार्यक्षमता से प्रभावित होंगे। बॉस आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपको कहीं से नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। कुछ लोगों के विदेश जाने के भी योग बनेंगे। इस सप्ताह धनु राशि के लोगों को कहीं से नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। व्यापार में अच्छा मुनाफा कमाएंगे। आपको किसी पुराने निवेश से लाभ प्राप्त होगा। आपको पुरान रुका हुआ धन मिल सकता है। आपके सुख-सौभाग्य में वृद्धि होगी।

## इन मूलांक वालों पर रहेगी बजरंगबली की कृपा, इस सप्ताह होगा जबरदस्त लाभ



अंक ज्योतिष में मूलांक का बहुत महत्वपूर्ण होता है। जन्म महीने की तारीख को इकाई के अंक में बदलने के बाद जो अंक मिलता है उसे मूलांक कहते हैं। यह मूलांक 1 से 9 अंक के बीच होता है। आने वाला हफ्ता कुछ मूलांक वालों के लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। इस महीने कुछ मूलांक वालों को हनुमान जी की कृपा मिलने वाली है। अंक ज्योतिष राशिफल से जानते हैं इस हफ्ते के लकी मूलांक के बारे में।

### मूलांक 1

मूलांक 1 के लोगों के लिए आने वाला सप्ताह आर्थिक रूप से बहुत अच्छा रहने वाला है। इस हफ्ते आपको रुका हुआ धन मिल सकता है। व्यापार करते हैं तो यह समय आपके लिए बहुत अनुकूल रहने वाला है। इस सप्ताह आपके प्रेम संबंध सकारात्मक रूप से आगे बढ़ेंगे। रिश्ते में चल रही गलतफहमियां दूर हो जाएंगी। वरिष्ठ और सहकर्मी का पूरा सहयोग मिलेगा। इस सप्ताह आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना होगा।

### मूलांक 3

मूलांक 3 के लोगों के लिए यह सप्ताह बहुत अच्छा रहेगा। आपको कई नए शानदार अवसर मिलेंगे। इस समय आपका रुझान आध्यात्मिकता की ओर बढ़ सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। प्यार भरे व्यवहार से आपका रिश्ता पहले से बेहतर होगा। शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन अच्छा होगा।

### मूलांक 5

मूलांक 5 वालों के लिए यह सप्ताह बहुत सकारात्मक रहने वाला है। खासतौर से जो लोग प्रेम संबंध में हैं उन्हें विशेष लाभ होगा। छात्र शिक्षा के स्तर को सुधारने पर ध्यान देंगे। इस सप्ताह आपको अपने करियर में कई नए अवसर मिलेंगे और आप प्रगति करेंगे। कहीं से अच्छी नौकरी का ऑफर भी आ सकता है। इस सप्ताह आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

### मूलांक 9

इस सप्ताह मूलांक 9 वाले लोग कार्यक्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। आपकी प्रोडक्टिविटी और परफॉर्मेंस अच्छी रहेगी। इस सप्ताह आप बहुत शांत और समझदारी के साथ कार्यों को अंजाम देंगे। इस सप्ताह आप कुछ नए लोगों से मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। इन लोगों को इस सप्ताह आय बढ़ाने के कई नए अवसर मिलेंगे। आप ऊर्जावान रहेंगे और प्रभावी ढंग से अपनी बात दूसरों के सामने रख पाएंगे। यह सप्ताह आपके लिए उत्तम परिणाम लेकर आएगा।

## राहु जल्द करेंगे नक्षत्र परिवर्तन इन राशियों को होगा बड़ा धन लाभ

राहु को ज्योतिष में छाया ग्रह माना जाता है। राहु 18 महीने के बाद अपना राशि परिवर्तन करते हैं। जल्द ही राहु का नक्षत्र गोचर होने वाला है। राहु को एक पापी और नकारात्मक ग्रह माना जाता है।

राहु अपनी दशा और स्थिति के अनुसार परिणाम देता हैं। राहु अभी मीन राशि में है और साल 2025 तक इसी राशि में रहेगा। राहु और केतु समय-समय पर नक्षत्र परिवर्तन भी करते हैं। राहु 8 जुलाई को शनि के नक्षत्र उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश कर जाएंगे। राहु का नक्षत्र परिवर्तन कुछ राशियों को विशेष फल देने वाला है। जानते हैं कि राहु किन राशियों को बड़ा धन लाभ कराने वाले हैं।



### वृषभ राशि

वृषभ राशि वालों के लिए 8 जुलाई से होने वाले राहु का नक्षत्र परिवर्तन बहुत शुभ रहने वाला है। इस राशि के स्वामी शुक्र देव हैं जो राहु के मित्र हैं। ऐसे में राहु का नक्षत्र परिवर्तन वृषभ राशि के लोगों को उत्तम परिणाम देने वाला है। कार्यक्षेत्र में खूब सफलता मिलेगी।

इस राशि के लोगों का राहु खूब धन लाभ कराएगा। आप बचत कर पाने में सक्षम होंगे। आपके सारे अटके हुए काम जल्द पूरे होंगे।इस राशि के लोगों को भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

### तुला राशि

राहु आपके छठे भाव में नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। इससे आपको अनुकूल फलों की प्राप्ति होगी। राहु के नक्षत्र परिवर्तन के बेहद शुभ परिणाम आपको मिलेंगे। इस राशि के लोगों को आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति में पहले के मुकाबले बहुत अच्छी होगी। भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपके पदोन्नति और वेतन में वृद्धि की संभावनाएं बढ़ेंगी. बिजनेस में लाभ मिलेगा।

### वृश्चिक राशि

वृश्चिक राशि वालों के लिए राहु का नक्षत्र परिवर्तन बहुत ही लाभकारी रहने वाला है। आपको व्यापार में लाभ होगा। नौकरी की तलाश पूरी हो सकती है। राहु आपको लाभ कमाने के कई मौके देने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से मजबूत होगी। आप जो भी काम करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। राहु आप पर पूरी तरह मेहरबान रहने वाले हैं।

कार्नर न्यूज

फुटवियर कलेक्शन को विकल्पों के साथ अपग्रेड करना आवश्यक

# मानसून में महिलाओं के पास होने चाहिए स्टाइलिश व सुरक्षित फुटवियर्स

*मानसून के आगमन के साथ अपने फुटवियर कलेक्शन को उन विकल्पों के साथ अपग्रेड करना आवश्यक है, जो स्टाइलिश लगने के साथ-साथ फिसलन से बचा सकें। इस मौसम में फुटवियर्स वॉटरप्रूफ भी होने चाहिए। अगर आप बंद फुटवियर्स पहन लेती हैं और इनमें बारिश का पानी चला जाता है, जिसके कारण पैरों में फंगल इंफेक्शन की समस्या हो सकती है। आइए जानते हैं कि मानसून में महिलाएं किन-किन फुटवियर्स को अपने फैशन का हिस्सा बना सकती हैं।*



### गमबूट

गमबूट मानसून के लिए आदर्श फुटवियर्स हैं, जो गंदगी और बारिश के पानी से पूरी सुरक्षा प्रदान करते हैं। ये वॉटरप्रूफ जूते पैरों के लिए आरामदायक भी होते हैं। डिजाइन में लंबे ये जूते पैरों को फुल कवरेज प्रदान करके पानी, कीचड़ और मलबे से त्वचा को सुरक्षित रख सकते हैं। यही नहीं, इन्हें साफ करना आसान है और ये फिसलन से बचाने में भी सहायक हैं, जिसके परिणामस्वरूप इन्हें पहनने से गिरने के जोखिम कम होता है।

### क्लाग्स फुटवियर्स

ये फुटवियर्स भी मानसून फैशन के लिए एक लोकप्रिय विकल्प बन गए हैं। ये हवादार, हल्के और वॉटरप्रूफ होने का एक अनूठा संयोजन प्रदान करते हैं, जो इन्हें मौसम के लिए एकदम सही बनाता है। आजकल मार्केट में कई तरह के रंग और डिजाइन में क्लाग्स फुटवियर उपलब्ध हैं।

### रबड़ की सोल वाली सैंडल

बारिश के कारण फिसलने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप मानसून के दौरान रबड़ की सोल वाली सैंडल पहनें। दरअसल, रबड़ की सोल वाली सैंडल की पकड़ अच्छी होती है। इसे पहनने के बाद आपको कहीं भी फिसलने का डर नहीं रहेगा। इसके अलावा सैंडल पहनने में बेहद आरामदायक होती हैं और इनके कारण पैर कीचड़ या पानी से भी सुरक्षित रहते हैं।



### फ्लिप फ्लॉप

रबर और प्लास्टिक की फ्लिप फ्लॉप आपके पैरों को बारिश के पानी से बचा सकते हैं, जब आपको बारिश में घर से कहीं बाहर जाना हो तो इन्हें पहनना अच्छा है। इन्हें रोजाना पहनना भी आरामदायक है क्योंकि इनसे पैरों में अच्छे से हवा लगती रहती है। वैसे आजकल बाजार में कई तरह के फ्लिप फ्लॉप फुटवियर्स आ गए हैं, जिन्हें आप अपने साइज और पसंद के अनुसार अपने फैशन का हिस्सा बना सकते हैं।

### फ्लैट स्ट्रैपी सैंडल

फ्लैट स्ट्रैपी सैंडल को भी मानसून में पहनना उचित हैं क्योंकि इनसे भी पैर आरामदायक स्थिति में रहते हैं। आपके हर आउटफिट के साथ ये आसानी से सूट कर सकते हैं और आरामदायक भी होते हैं। बता दें कि इन फुटवियर के टखने के चारों ओर हिल्स की तरह एक पट्टा जुड़ा होता है। इसको पहनने के बाद पैर पसीने और इसके कारण उत्पन्न होने वाली बदबू से भी बच जाते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दूसरे वीकएंड में 'इनसाइड आउट 2' ने की 10 करोड़ डॉलर की कमाई



**लॉस एंजिलिस।** गर्मी के मौसम और बारिश से भीगे सप्ताहांत में लोगों को आकर्षित करने वाली फिल्म जब किसी स्टूडियो के पास होती है, तो ये उसके लिए मददगार साबित होती है। ऐसा ही कुछ डिज्नी/पिक्सर की 'इनसाइड आउट 2' के साथ हो रहा है। डिज्नी के अनुसार $100 मिलियन (भारतीय मुद्रा में लगभग 835 करोड़ रुपए) के साथ एक एनिमेटेड फिल्म के लिए ऐतिहासिक दूसरे फ्रेम की ओर बढ़ रही है। यदि यह संख्या बनी रहती है, तो यह -35 फीसदी सेकंड-वीकेंड की आसानी है, जो कि किसी भी तरह के टेंटपोल के लिए असाधारण है। इसने न केवल एनिमेटेड फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ दूसरे सप्ताहांत को पीछे छोड़ दिया, जिसने पहले इल्युमिनेशन/यूनिवर्सल की सुपर मारियो ब्रोस मूवी, जिसने 770 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। बल्कि यह जुलाई के अंत में बार्बी के 776 करोड़ रुपए के बाद से सर्वश्रेष्ठ दूसरा सप्ताहांत है। यह फोर्स अवेकेंस इसके साथ ही यह फोर्स अवेकेंस (1246 करोड़ रुपए), एवेंजर्सः एंडगेम (1230 करोड़ रुपए), एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर (957 करोड़ रुपए), ब्लैक पैंथर (932 करोड़ रुपए), जुरासिक वर्ल्ड (889 करोड़ रुपए) और द एवेंजर्स (860 करोड़ रुपए) के बाद $100 मिलियन (भारतीय मुद्रा में लगभग 835 करोड़ रुपए) को पार करने वाला सातवां सर्वश्रेष्ठ दूसरा सप्ताहांत है।

### टॉलीवुड

## 'एनकेआर 21' में एक्शन अवतार में दिखाई दे रही हैं विजयशांति



**मुंबई।** 'एनकेआर 21' में विजयशांति पुलिस अधिकारी का रोल निभा रही हैं। फिल्म निर्माताओं ने इस फिल्म से उनके लुक को जारी कर दिया है। विजयशांति का लुक जारी होने के बाद साफ हो गया है कि वो परदे पर आईपीएस ऑफिसर का किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। टीजर में वो काफी दमदार नजर आ रही हैं और उन्हें दुश्मनों पर गोलियां चलाते हुए देखा जा सकता है। विजयशांति के फैंस उनके एक्शन अवतार को देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। 'एनकेआर 21' में नंदामुरी कल्याण राम मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जो इन दिनों इसकी शूटिंग में व्यस्त हैं। उनके अलावा अभिनेत्री साई मांजरेकर भी लीड रोल में दिखाई देंगी। इस फिल्म का निर्देशन प्रदीप चिलुकुरी ने किया है और उन्होंने ही इसकी कहानी भी लिखी है। मुप्पा वेंकैया चौधरी, अशोक वर्धन मुप्पा और सुनील बालूसु इसके निर्माता है और फिल्म का निर्माण एनटीआर आर्ट्स और अशोका क्रिएशन्स के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म में अजनीश लोकनाथ का संगीत सुनने को मिलेगा। कैमरे का काम सी. राम प्रसाद संभाल रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'जिया हो बिहार के लाला' गाने के लिए मनोज ने बिना फीस लिए की करोडों की कमाई



**नई दिल्ली।** मनोज तिवारी ने इंटरव्यू में खुलासा किया कि 'जिया हो बिहार के लाला' गाने के लिए उन्हें अनुराग कश्यप ने 5 लाख रुपए ऑफर किए थे। लेकिन उन्होंने इस ऑफर को मना कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने इस गाने के लिए कोई भी फीस नहीं ली थी और फ्री में ही गाने को गाया था। इस गाने की वजह से मैंने 5-6 दिन में 10 फिल्में साइन की, जो इंसान सवा दो लाख में फिल्म करता था, तब 30 लाख में मैंने एक फिल्म की। यानी 3 करोड़ रुपया...। उन्होंने ये भी बताया कि, 'जब अनुराज ने मुझे ऑफर दिया तो मैं बहुत बिजी था और उनके लिए मेरे दिल में बहुत सम्मान था। तब मैंने कहा हम थोड़ा बिजी हैं, तो उन्होंने कहा जब तक नहीं गाएंगे तब तक रोकेंगे. फिल्म शूट हो गई, तब गाना रिकॉर्ड हुआ. इसके बाद अनुराग कश्यप स्टूडियो में थे और उनके सामने ही मैंने 'जिया हो बिहार के लाला' गाना गाया।' यूं तो मनोज तिवारी के गाए हुए कई गाने काफी पॉपुलर हुए हैं। लेकिन अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में उनका गाया हुआ गाना 'जिया हो बिहार के लाला' काफी ज्यादा हिट हुआ था। साल 2012 में आए 'जिया हो बिहार के लाला 'गाने को आज भी लोग सुनना पसंद करते हैं।हाल ही में मनोज तिवारी ने बताया कि इस गाने के लिए उन्होंने कोई भी फीस नहीं ली थी। लेकिन फिर भी उन्होंने करोड़ों की कमाई की थी। भोजपुरी स्टार ने बताया कि, 'इसके बाद अनुराग कश्यप ने मुझे अपनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में गाना गाने का मौका दिया था। तब मैं बिजी बहुत था क्योंकि तब मैं सुपरस्टार था।मेरी फिल्म 2004 में हिट हुई और 100 दिन तक चली. हल्ला हो गया पूरे देश में, क्योंकि 100 दिन तक कोई फिल्म चलती ही नहीं थी और तब मेरे पास प्रोड्यूसर्स की लाइन लग गई।'

## लहंगे से साड़ी तक सब में फिट

### लाइफ स्टाइल



साड़ी से लेकर शरारा या लहंगे के साथ में कई तरह के डिजाइन वाले ब्लाउज को पहना जाता है। इसमें आपको काफी साड़ी पैटर्न, कलर, वर्क में वेरायटी देखने को मिल जाएगी। आजकल सिंगल या एक शोल्डर वाले ब्लाउज के डिंजाइंस को काफी पसंद किया जा रहा है। आप एक साइड शोल्डर का डिजाइन बनाकर साइड में नेट के फैब्रिक से फ्रिल बनाकर ब्लाउज के शोल्डर को स्टेटमेंट लुक देने का काम कर सकती हैं। अंगरखा स्टाइल में आपने सूट और कुर्तियों के डिजाइन को कई देखे होंगे, लेकिन आप स्टाइलिश लुक पाने के लिए ब्लाउज के साथ में भी इस तरह का मॉडर्न स्टाइल सिंगल शोल्डर ब्लाउज डिजाइन बनवा सकती हैं। इस तरह का ब्लाउज डिजाइन आप शरारा या लहंगा स्कर्ट के साथ में पहन सकती हैं।

## साड़ी कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होती

### फैशन



भारतीय महिलाओं के लिए साड़ी कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होती है। अगले माह से सावन प्रारंभ हो जाएगा और इसके साथ ही फेस्टिव सीजन की शुरुआत भी हो जाएगी। रक्षाबंधन, गणेश चतुर्थी, दुर्गा पूजा और दिवाली का उत्साह कुछ ही समय में वातावरण को सुशोभित कर देगा। ऐसे में अगर महिलाएं यह सोच-सोचकर परेशान हो रही हैं कि किस अवसर पर क्या पहना जाए तो इन सभी के लिए साड़ी एकदम बेहतरीन विकल्प है, जिसे वे एक या दो नहीं बल्कि पांच तरह से अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। आइए जानते हैं कैसे।

**धोती या पंत स्टाइल साड़ी :** सबसे पहले अपनी साड़ी के रंग से मैच करती हुई लेगिंग पहनें, फिर साड़ी के पल्लू का आखिरी हिस्सा लेकर उसकी प्लेट्स बनाकर इसे अपने बाएं कंधे पर रखें। अब साड़ी के दूसरे सिरे को पकड़कर इसे एक बार लपेटते हुए दाएं ओर से कमर टक इन करें। इसके बाद साड़ी के ढीले हिस्से की प्लेट्स बनाएं और इसे बीच से साड़ी में डालें, फिर कंधे वाली प्लेट्स पर पिन लगाएं। अंत में एक डिजाइनर बेल्ट कमर पर बांधे।

**लहंगा स्टाइल साड़ी :** अपनी लहंगा चोली के ऊपर, एक लंबे दुपट्टे या साड़ी के एक सिरे को लेकर प्लेट्स बनाएं और लंबे हिस्से को पीछे छोड़ते हुए इसे बाएं कंधे पर रखें। अब पल्लू के दूसरे सिरे की प्लेट्स बनाएं और इसे अपनी कमर की दाईं ओर से टक इन करें। इस तरह से आपके पल्लू को पीछे की तरफ यू-आकार मिलेगा। इसके बाद सामने की तरफ से अपने पल्ले को सेट करें और कंधे की तरफ से इस पर पिन लगाएं।

**नेक ड्रेप स्टाइलिश लुक :** इस स्टाइलिश लुक में साड़ी के पल्लू को अपने गले में दुपट्टे की तरह लपेटना होता है। इस साड़ी स्टाइल के लिए अपनी साड़ी को सामान्य तरीके से लपेट लें, लेकिन इस दौरान एक लंबा पल्लू जरूर छोड़ें। बेहतर होगा कि आप इसके लिए ऐसी साड़ी चुनें, जो सामान्य से अधिक लंबी हो। साड़ी लपेटने के बाद पल्लू की प्लेट्स बनाकर इसे अपनी गर्दन के चारों ओर बाएं से दाएं स्कार्फ की तरह लपेंटे।

**डबल साड़ी ड्रेपिंग स्टाइल :** सबसे पहले दो साड़ी लें, फिर इसकी छह प्लेट्स बनाएं और इसे पेटीकोट के अंदर बीच में बाईं ओर से लाते हुए डालें। अब इसके पल्लू से प्लेट्स बनाएं और इसे बाएं कंधे पर लटकाते हुए पीछे की ओर से सामने लाएं, फिर अपनी दूसरी साड़ी को दाईं ओर रखते हुए इसकी पांच प्लेट्स बनाकर इसे बीच में टक इन करें। अंत में इसके पल्लू की प्लेट्स बनाकर इसे पीछे से सामने से दूसरी तरफ से दाहिने कंधे पर रखें।

## आंखों के मेकअप के लिए अपनाएं सरल तरीके, दिखेंगी सबसे खूबसूरत

अच्छी तरह किया गया आई मेकअप आपके पूरे लुक में चार चांद लगा सकता है। घर से बाहर जाते समय अपनी आखों पर केवल आई लाइनर या मस्कारा लगाने से ही आपकी आखें बड़ी और आकर्षक दिखाई दे सकती हैं। चाहे ऑफिस जाना हो, दोस्तों से मिलना हो या किसी पार्टी में शिरकत देनी हो, आखों का मेकअप आपको सबसे अलग और खूबसूरत दिखने में मदद कर सकता है। आप इन मेकअप टिप्स के जरिए अपना आई मेकअप करें।

**भौहों को दें आकार:** अपनी आंखों के मेकअप को बेहद सुंदर दिखाने के लिए सबसे जरूरी कदम है अपनी भौहों को सही आकार देना। किसी पार्लर में जा कर ब्यूटीशियन की मदद से अपने भौहों के सही आकार को समझें और अपने चहरे के आकार के अनुसार ही भौहों को शेप करवाएं। आप ऐसा करने के लिए वैक्सिंग, थ्रेडिंग या शेविंग का सहारा ले सकते हैं। मेकअप से पहले भौहों को अच्छा दिखाने के लिए आइ-ब्रो पेंसिल का इस्तेमाल करें।



### इस्तेमाल करें ट्रांसपेरेंट मस्कारा

ट्रांसपेरेंट मस्कारा कम पसंद किया जाता है, लेकिन यह आपकी भौहों और पलकों को निखारने में मदद कर सकता है। अपनी भौहों को सही जगह पर सेट करने और प्राकृतिक रंग प्रदान करने के लिए उन पर ट्रांसपेरेंट मस्कारे का एक कोट लगाएं। साथ ही आप इस उत्पाद को अपनी पलकों पर भी उपयोग कर सकते हैं। अपनी पलकों को लंबा और घना दिखाने के लिए इसकी 2 से 3 कोट लगाएं।

### काजल को हल्का सा फैलाएं

काजल या सुरमा भारतीय मेकअप रूटीन का एक बेहद जरूरी हिस्सा होता है। आप काजल को हल्का सा फैलाकर अपने लुक को और शानदार बना सकती हैं। स्मजिंग की कला में महारत हासिल करने के लिए, अपनी आंखों के बाहरी कोनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लैश लाइन पर काजल लगाना शुरू करें। अब एक साफ और छोटे स्मजिंग ब्रश का उपयोग करके काजल को धीरे से बाहर की ओर ब्लेंड करें। इससे आपको एक स्मोकी और बोल्ड लुक मिलेगा।

### अंत में लगाएं सेटिंग पाउडर

कई बार आई मेकअप पसीने और अन्य कारकों के कारण देर तक नहीं टिक पता। आप अपने आई मेकअप को पूरे दिन टिकाना चाहती हैं तो सेटिंग पाउडर का इस्तेमाल करें। काजल या आईलाइनर लगाने के बाद एक मुलायम ब्रश का उपयोग करके आंखों पर हल्का सा सेटिंग पाउडर लगाएं। यह कदम लाइनर को अपनी जगह पर सेट रखने में मदद करेगा।

## टैटू बनवाने जा रहे हैं तो हो जाएं सावधान वरना हो सकते हैं ये नुकसान

अगर आपको भी टैटू बनवाने का शौक है तो सावधान हो जाइए। एक नई स्टडी में डराने वाला खुलासा हुआ है। स्वीडन में हुई एक स्टडी में पाया गया है कि टैटू और ब्लड कैंसर लिंफोमा का कनेक्शन हो सकता है। लिंड यूनिवर्सिटी स्वीडन के रिसर्चर की एक स्टडी में स्वीडिश नेशनल कैंसर रजिस्टर का एनालिसिस करने के बाद पता चला है कि टैटू बनवाना खतरनाक हो सकता है। 2007 से 2017 तक 10 साल तक 20 से 60 उम्र वालों के डेटा की जांच की गई, जिनमें लिंफोमा का पता चला था। इस अध्ययन में इन सभी की तुलना उसी एज ग्रुप के हेल्दी इंसानों से की गई जिनमें लिंफोमा के कोई लक्षण नहीं मिले हैं।

### स्टडी में क्या पाया गया

इस अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों ने टैटू बनवाया था, उनमें टैटू न बनवाने वालों की तुलना में लिंफोमा का खतरा 21% अधिक था। इससे खतरा और भी ज्यादा बढ़ जाता है। इस अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों ने पिछले दो सालों में टैटू बनवाया है, उनमें लिंफोमा का रिस्क 81% अधिक था।



### टैटू बनवाना क्यों खतरनाक

शोधकर्ताओं का कहना है कि इसे लेकर अभी और भी ज्यादा अध्ययन की जरूरत है। इससे समझने की जरूरत है कि टैटू की स्याही में कौन-कौन से केमिकल्स लिंफोमा के खतरे को बढ़ा सकते हैं। इस अध्ययन से ये साबित नहीं होता है की टैटू सीधे कैंसर का कारण बन सकता है। इससे सिर्फ इतना पता चलता है कि दोनों में संबंध हो सकता है।

**टैटू बनवाने वाले क्या करें :** टैटू बनवाने वालों को घबराने की जरूरत नहीं है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक हमेशा एक प्रोफेशनल टैटू आर्टिस्ट से ही बनवाना चाहिए. ऐसी जगह टैटू बनवाएं, जहां साफ-सफाई सही तरह हो सके और हमेशा अच्छी क्वॉलिटी की स्याही का यूज हो। अगर कोई गंभीर बीमारी है तो एक्सपर्ट्स से भी इसकी सलाह लें।

## आपके कान का छेद भी हो गया है बड़ा तो इन टिप्स की मदद से करें इसे छोटा

अधिकतर लड़कियां अपने कानों को सुंदर बनाने के लिए कम उम्र में ही अपने कान छिदवा लेती है और खूबसूरत इयररिंग्स पहनना शुरू कर देती हैं लेकिन धीरे-धीरे जब लड़कियों की उम्र बढ़ती जाती है, तो उनके कान के छेद भी बढ़ने लगते हैं। जब महिलाएं आए दिन भारी इयररिंग पहनती हैं, तब इससे कान के छेद बड़े होने लगते हैं।

**बिना सर्जरी करें कान के छेद को छोटा :** छेद बड़े होने की वजह से अधिकतर महिलाओं को इयररिंग्स पहनने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि जब भी वे इयररिंग्स पहनती है, छेद बड़े होने की वजह से उनके इयररिंग्स गिरने लगते हैं, इससे बचने के लिए कुछ महिलाएं सर्जरी करवाने निकल जाती हैं, लेकिन अब



आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप बिना सर्जरी के इन छेदों को छोटा करना चाहती हैं, तो ये खबर आपके लिए है।

**इयरलोब टेप का इस्तेमाल :** बता दें कि बाजार में इयरलोब टेप नाम का एक प्रोडक्ट मिलने लगा है। यह एक बिंदी नुमा टेप है, जिसे आप इयररिंग पहनते वक्त अपने कानों में पीछे की साइड चिपका सकती हैं। इसका इस्तेमाल कर आप आसानी से इयररिंग्स पहन सकती हैं। आप चाहे तो इस प्रोडक्ट को ऑनलाइन भी मंगा सकती हैं।

**सर्जिकल टेप का इस्तेमाल :** इसके अलावा आप बाजार से सर्जिकल टेप खरीद कर ला सकती हैं। यह नॉर्मल टेप से थोड़ी अलग होती है, इसमें छोटे-छोटे छेद होते हैं, जिससे हवा पास होती है और कान को कोई परेशानी नहीं होती है। इस टेप को खरीदने के लिए आप किसी भी मेडिकल दुकान पर जा सकती हैं। आपको इस टेप का छोटा सा टुकड़ा काट कर अपने कान के छेद पर पीछे की ओर लगाना होगा, इसके बाद जब भी आप इयररिंग पहनेंगी तो आप खुद नोटिस करेंगे की कुछ मिनट के अंदर ही इयररिंग कान में अच्छे तरीके से फिट हो गया है और कान का छेद भी छोटा दिखाई दे रहा है।

### कार्नर न्यूज

**मूवी नाइट से लेकर फॉर्मल पार्टी और डेट नाइट तक, जींस कभी भी फैशन से बाहर नहीं होती**

## हर महिला के पास जरूर होनी चाहिए कुछ ऐसी जींस जो सभी अवसरों पर लगें बेहतरीन

*जींस 1973 से फैशन की दुनिया का अहम हिस्सा बनी हुई है। कैजुअल ब्रंच और मूवी नाइट से लेकर फॉर्मल पार्टी और डेट नाइट तक, जींस कभी भी फैशन से बाहर नहीं होती है। आजकल बाजार में कई तरह की जींस मौजूद हैं, इसलिए अगर आप यह सोच रही हैं कि उनमें से किसे अपनी अलमारी का हिस्सा बनाना चाहिए तो आइए आज हम कुछ ऐसी जींस के बारे में बताते हैं जो हर अवसर पर बेहतरीन लगेगी।*



### स्किनी जींस

स्किनी जींस सभी बॉडी शेप और साइज के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यही वजह है कि आपके पास यह जरूर होनी चाहिए। कमर से टखने तक यह जींस एक बेहतरीन फिटिंग प्रदान करती है और पैरों का सटीक आकार लेती है, जो सभी अवसरों के लिए एक आरामदायक विकल्प बनाता है। स्किनी जींस स्ट्रेचेबल भी होती है और सभी तरह की टी-शर्ट, टॉप और शर्ट के साथ टिमअप करके पहनी जा सकती है।

### बॉयफ्रेंड जींस

यह जींस भी आपके पास जरूर होनी चाहिए। महिलाएं इसकी मदद से टॉम बॉय या गर्ली लुक क्रिएट कर सकती हैं। रफ टफ लुक के लिए आप बॉयफ्रेंड जींस को लूज क्रॉप टॉप और एंकल लेंथ सैंडल के साथ टिमअप करके पहन सकती हैं। इसके साथ ही इस आउटफिट को आप ऑक्सीडाइज ज्वैलरी के साथ टिमअप करके भी पहन सकती हैं।





### मॉम जींस

सन 80 के दशक ट्रेंडी और राजकुमारी डायना के पसंदीदा आउटफिट में से एक, मॉम जींस वापस ट्रेंड में लौट आई है, लेकिन थोड़े बदलाव के साथ। इस प्रकार की जींस की कमर ऊंची होती है, लेकिन पैरों से थोड़ी खुली होती है। बेहतर होगा कि आप इस जींस को नीले या काले रंग में अपने फैशन का हिस्सा बनाएं। आप इस जींस को क्रॉप टॉप के साथ टिमअप करके पहन सकती हैं।

### हाई-वेस्ट जींस

हर महिला की अलमारी में हाई-वेस्ट जींस भी जरूर होनी चाहिए क्योंकि यह आपकी कमर को हाइलाइट करती है और एक अच्छा शानदार लुक प्रदान करती है। इसके अलावा हाई-वेस्ट जींस आपके पेट की चर्बी को छुपाती है और कुल्हों को सही शेप भी देती है। आप चाहें तो हाई-वेस्ट जींस को प्लेन टी शर्ट के साथ भी टिमअप करके पहन सकती हैं।